शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 11, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 06 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## तीसरा कार्यकाल अगले 100 वर्षों की नींव रखेगा: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को फिर से सत्ता में वापसी पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनका तीसरा कार्यकाल अगले 100 वर्षों की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े फैसलों का होगा। वहीं उन्होंने निशाना साधा कि विपक्ष ने संकल्प लिया है कि वे लम्बे अरसे तक वहीं बने रहेंगे। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में संप्रग के समय के गड्ढे भरने में काफी समय और शक्ति लगाई। अपने दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का तीसरा कार्यकाल बहूत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है कि अबकी बार 400 पार। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजग को 400 पार सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को 370 सीटें अवश्य मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार मंहगाई दर को दो युद्धों और कोरोना जैसी महामारी के बावजूद एक दायरे में सीमित रखने में कामयाब हुई है। पिछली सरकारों से




तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में मंहगाई दो अंकों में हुआ करती थी और सत्ता में आते ही मंहगाई फिर बढ़ जाती थी। उन्होंने कहा कि मंहगाई डायन खाय जात है और मंहगाई मार गई जैसे गाने भी कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान ही आए हैं। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि पार्टी ने कभी भी देश के सामर्थ्य पर विश्वास नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे अपने आप को शासक मानते रहे और जनता-जनार्दन को कमतर आंकते गए। कांग्रेस की इस मानसिकता से देश को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस गति से काम हो रहा है, उसकी कांग्रेस पार्टी कल्पना भी नहीं कर सकती।कांग्रेस को नौ दिन चले, ढाई कोस कहावत पूरी तरह से परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं है। उदाहरण देते हुए मोदी ने कहा कि हमने गरीबों के लिए 04 करोड़ घर और शहरी गरीबों के लिए 80 लाख पक्के घर बनाए। अगर हम कांग्रेस की गति से चलते तो उसी पैमाने का काम पूरा करने में 100 साल लग जाते।

10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। अगर कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले एजेंसियों को काम करने नहीं दिया जाता था। कांग्रेस के समय ईडी ने 5 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। हमारे कार्यकाल में ईडी ने एक लाख करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। देश का लूटा हुआ माल देना ही पड़ेगा। पहले सदन का पूरा समय घोटालों की चर्चा में जाता था, भ्रष्टाचार की चर्चा में जाता था। लगातार एक्शन की मांग होती थी, चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार की ही खबरें होती थीं। आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती है तो ये लोग उनके समर्थन में हंगामा करते हैं।राष्ट्रपति के भाषण का जिक्र करते प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए चार मजबूत स्तंभों पर हम सबका ध्यान केंद्रित किया है। उनका सही आंकलन है कि देश के चार स्तंभ जितने ज्यादा मजबूत होंगे, विकसित होंगे, समृद्ध होंगे।

## पिछले पांच वर्षों के दौरान वापस लाए गए कुल 314 पुरावशेष

**नई दिल्ली**

देश में पिछले पांच सालों में 314 पुरावशेष स्वदेश लाए गए हैं। लोक सभा में पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार अमेरिका से सबसे अधिक 262 पुरावशेष देश में वापस लाए गए हैं। यूके से 15, कनाडा से एक, ऑस्ट्रेलिया से 35, और इटली से एक पुरावशेष वापस लाया गया है।

लोकसभा में पुरावशेष को वापस लाने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जी किशन रेड्डी ने बताया कि जब भी किसी पुरावशेष की चोरी की सूचना मिलती है, तो संबंधित पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की जाती है और चोरी की पुरावशेष का पता लगाने और इसके अवैध निर्यात को रोकने के लिए निगरानी रखने के लिए कस्टम एग्जिट चैनल सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को 'लुक आउट नोटिस' जारी किया जाता है। पुरावशेष की पुनर्प्राप्ति के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के समन्वय में संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा मामले को आगे बढ़ाया जाता है।

## झारखंड के मुख्यमंत्री को खड़गे ने दी बधाई

**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड ने भाजपा के षड्यंत्रकारी मंसूबों को तगड़ा झटका दिया है। कांग्रेस-झामुमो और सहयोगी दलों की सरकार सुरक्षित है और भाजपा की तमाम साजिशों को मात देकर सच्चाई की जीत हुई है। खड़गे ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि वह झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित सभी विधायकों को बधाई देते हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें सत्ता के अहंकार के खिलाफ संघर्ष करना सिखाया है। सत्ता की लालच करने वालों से हम झारखंड का जल-जंगल-जमीन सुरक्षित रखेंगे।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में चंपाई सोरेन की सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया है। आज हुई वोटिंग में सोरेन के पक्ष में 47 वोट पड़े। इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने खुशी जाहिर करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री को बधाई दी है।

## संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली**

आईएएस अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया।

संजय जाजू वर्ष 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य तेलंगाना में कार्यरत थे। इस पद पर पहले कार्यरत अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। अपूर्व चंद्रा महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं।

## लोकसभा में फिर उठा भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा

**नई दिल्ली**

लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को भारत-चीन सीमा विवाद पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने आसन के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूछा कि रक्षा मंत्री बताएं कि लद्दाख के क्या हालात हैं? आपने कहा था वहां यथास्थिति बहाल करेंगे, लेकिन दिन-प्रतिदिन लद्दाख की हालत खराब होती जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लद्दाख में 02 हजार स्क्वायर किमी. क्षेत्र पर अतिक्रमण हो चुका है। आज लद्दाख के चरवाहे अपनी जमीन पर नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में आप चुप क्यों बैठे हैं? जब गलवान घाटी में हमारे 20 जवान शहीद हो गए, तब भी आपने सर्टिफिकेट दे दिया था कि कोई घुसपैठ नहीं हुई।

अधीर रंजन चौधरी के आरोपों को निराधार बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में कहा कि इन्होंने(अधीर रंजन चौधरी) चीन और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संबंध में जो कुछ भी कहा, वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं और इसकी निंदा करते हैं।

## तमिलनाडु: वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, मरम्मत के बाद ट्रेन रवाना

**चेन्नई**

तिरुनेलवेली के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर रविवार रात हुए पथराव के बाद सोमवार सुबह ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

तिरुनेलवेली रेलवे जंक्शन के सूत्रों के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव उस समय हुआ जब ट्रेन वंजी मनियाची स्टेशन के करीब से गुजर रही थी। पथराव में 9 डिब्बों की खिड़की के पैनल टूट गए। हालांकि, पथराव में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। सोमवार सुबह 6 बजे अस्थायी मरम्मत के ट्रेन को रवाना कर दिया गया। घटना की जांच चल रही है।



उल्लेखनीय है कि पिछले साल 24 सितंबर को चेन्नई से तिरुनेलवेली होते हुए तांबरम, विल्लुपुरम, त्रिची, डिंडीगुल और मदुरै तक वंदे भारत रेल सेवा की शुरू हुई थी।

## केन्द्र सरकार चाहती है एचईसी काम करना बंद कर दे : राहुल गांधी

**रांची**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड में हैं। यात्रा के तहत यहां धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचईसी) के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि एचईसी का गला क्यों घोटा जा रहा है। एचईसी के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र



की सरकार चाहती है कि एचईसी काम करना बंद कर दे। इसे भी प्राइवेटाइज कर दिया जाये। मोदी सरकार एचईसी के लोगों को बेरोजगार करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक उपक्रमों को खत्म कर रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लिए खड़े दिखते हैं। चाहे बीएचईएल हो, एचएएल हो या एचईसी, सभी को धीरे-धीरे अडानी को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में ओबीसी, आदिवासी, दलित कितने लोग हैं इसकी संख्या बताने वाला कोई नहीं है। देश में 50 प्रतिशत ओबीसी के लोग हैं। तेलंगाना की सरकार ने वादा किया था, उसे पूरा करने का काम कर रही है। जातीय जनगणना की शुरूआत होगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस देश में दलित, पिछड़ा और आदिवासी कितने हैं। इसके पीछे का तर्क समझिए कि प्राइवेट कंपनी में कितने लोग हैं। पता चलेगा कि कोई नहीं है। सरकार जो पैसे खर्च करती है उसमें निर्णय लेने वाले 90 लोगों में से सिर्फ तीन पिछड़े के लोग हैं। बजट में निर्णय लेने वाले सिर्फ पांच प्रतिशत लोग हैं। दलित और आदिवासियों की संख्या शून्य है।

## राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान नाराज हुईं जया बच्चन



**नई दिल्ली**

राज्यसभा में सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन प्रश्नकाल के दौरान सूचीबद्ध प्रश्न को क्रम में न पूछे जाने को लेकर नाराज हो गईं और खड़े होकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान भाजपा के राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब ने विपक्ष के सांसदों को बैठ जाने के लिए इशारा किया। इसको लेकर जया बच्चन ने आसन के माध्यम से नाराजगी जताई। बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ से कहा कि अगर आसन के अलावा और कोई सदस्य उनको बैठने के लिए कहेगा तो वह नही बैठेंगी। उन्होंने कहा कि हम कोई स्कूल के बच्चे नहीं हैं। सभापति या उपसभापति के अलावा किसी को इस तरह का बर्ताव नहीं करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आज सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही चल रही थी। इस दौरान उपसभापति से तकनीकी चूक के चलते प्रश्नों का क्रम बदल गया। इस पर जया बच्चन और शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आपत्ति जताई। उपसभापति ने सदन को अवगत भी कराया कि ऐसा तकनीकी कारणों से हुआ है। वह छूटे प्रश्न पर गौर करेंगे। इतनी देर में सभापति धनखड़ आसन पर आ गए और उन्होंने कहा कि कई बार मानवीय त्रुटि हो जाती है। यह सही है कि कोई प्रश्न छोड़ा नहीं जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने उपसभापति पर सदस्यों के आक्षेप पर नाराजगी भी जताई।सभापति ने विपक्ष के हंगामे के बाद जया बच्चन को अपनी बात रखने का मौका दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह सभापति और उपसभापति का पूरा सम्मान करती हैं। आसन की ओर से दिए गए हर निर्देश का वह और सभी सदस्य पालन करते हैं लेकिन किसी अन्य सदस्य को यह अधिकार नहीं है कि वह दूसरे सदस्यों को बैठने के लिए कहें। हम उसकी बात नहीं मानेंगे।

## महिलाओं को वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस जारी करने में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है : वीके सिंह

**नई दिल्ली**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को दावा किया कि वर्ष 2023 में जारी किए गए वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की कुल संख्या 1622 है, जिनमें से 294 महिलाओं को जारी किए गए थे, जो जारी किए गए कुल सीपीएल का 18 प्रतिशत है। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 (240 सीपीएल) की तुलना में वर्ष 2023 (294 सीपीएल) में महिलाओं को जारी सीपीएल की संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न भारतीय अनुसूचित और गैर-अनुसूचित ऑपरेटरों के साथ कार्यरत महिला पायलटों की कुल संख्या कुल उड़ान चालक दल की संख्या का लगभग 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और उससे जुड़े संगठनों ने देश में महिला और पुरुष दोनों पायलटों की संख्या बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत पहले चरण में पांच हवाई अड्डों बेलगावी, जलगांव, कलबुर्गी, खजुराहो और लीलाबाड़ी में नौ नए उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पुरस्कार पत्र जारी करना है । वहीं दूसरे चरण में भावनगर, बली, कडपा, किशनगढ़ और सेलम में पांच हवाई अड्डों पर छह और एफटीओ जारी करना शामिल है।

## साल 2023 में गोवा में आए 4.03 लाख विदेशी पर्यटक, 130 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**

पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक गोवा में साल 2023 में विदेशी सैलानी की संख्या में पिछले साल के मुकाबले 130 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2023 में गोवा में 4.03 लाख विदेशी सैलानी आए।

पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को लोकसभा में जानकारी देते हुए बताया कि साल 2018 में गोवा में 9.34 लाख विदेशी सैलानी आए थे। साल 2019 में यह संख्या बढ़कर 9.37 लाख हो गई लेकिन साल 2020 में कोरोना के कारण विदेशी सैलानी की संख्या घटकर 3.03 लाख हो गई। 2021 में यह संख्या और घटकर 0.22 लाख हो गई । साल 2022 में गोवा टूरिज्म में बढ़ोतरी होते हुए 1.75 लाख विदेशी सैलानी पहुंचे। साल 2023 में यह बढ़कर 4.03 लाख सैलानी हो गए।

## उत्तराखंड : यूसीसी बिल सदन के पटल पर 06 फरवरी को रखा जाएगा

**देहरादून**

उत्तराखंड विधानसभा सत्र में 06 फरवरी (मंगलवार) को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को सदन के पटल पर रखा जाएगा। यूसीसी को लेकर विपक्ष सरकार पर लगातार सवाल उठा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश के लोग यूसीसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह युगान्तकारी समय है और सभी धर्मों के हित में है। सभी विधायक सकारात्मक रूप से इस चर्चा में भाग लें।

सोमवार को विधानसभा सत्र में दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित सदन के सभी सदस्यों ने दिवंगत विधायकों के साथ बिताए हुए पलों को याद किया। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि



अर्पित करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक की गई।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि आज विधानसभा में आयोजित कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में समान नागरिक संहिता-यूसीसी को सदन पटल पर रखने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को विधानसभा में इस पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही राज्य आंदोलनकारियों की क्षैतिज आरक्षण की मांग से जुड़ा प्रतिवेदन प्रवर समिति को दिया गया था, उस रिपोर्ट को भी पटल पर रखा जाएगा। कार्य मंत्रणा समिति से कांग्रेस नेताओं (सदस्यों) के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि अभी कुछ ऐसा विषय मेरे पास आया नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रश्न काल नहीं होगा। हम सब और राज्य की जनता भी यूसीसी पर चर्चा करना चाहती है। विधायकों के लिए यह जरूरी होता है कि अपनी बात सदन में रखें। उन्होंने कहा कि यूसीसी ऐसा कानून है, जो देश हित में है और देश आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जिस निमित्त इस सत्र को आहूत किया गया है, इसे लेकर लंबे समय से प्रदेशवासियों को इंतजार था। यूसीसी बिल को लेकर सवा करोड़ केवल उत्तराखंड के नहीं अपितु पूरे देश के लोग उत्तराखंड के विधानसभा में यूसीसी बिल कब आएगा, इसको लेकर प्रतीक्षा कर रहे हैं। वह प्रतीक्षा अब समाप्त हो रही है। मंगलवार को विधानसभा में यूसीसी बिल को प्रस्तुत करेंगे। सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पूरे देश की नजर हमारी तरफ है। यह युगांतकारी समय है। ये बिल किस प्रकार से आता है और कैसे चर्चा होती है, सभी देखना चाहते हैं। सभी लोग सकारात्मक रूप से चर्चा में भाग लें।

# बीआरसी मेजा एवं उरुवा में शिक्षकों के एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

## शिक्षक बच्चों के साथ आत्मीय संबंध बनाकर दें सही दिशा : कैलाश सिंह

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नौनिहालों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर शिक्षा नीतियों का निर्धारण किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 महज बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात कहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति तत्काल राष्ट्रीय मिशन के रूप में बच्चों के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की प्राप्ति को प्राथमिकता देती है। सत प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने की भी परिकल्पना विभाग के दिलों दिमाग पर आई और उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के विभागीय निदेर्शों पर खंड शिक्षा अधिकारी



कार्यालय मेजा एवं उरुवा के सभागार में शिक्षकों के चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी मेजा / उरुवा कैलाश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय शिक्षक एफएलएन प्रशिक्षण से बच्चों में भाषा व गणित के बुनियादी कौशल का विकास करेगा तथा शिक्षक बच्चों को उनके परिवेश बोलचाल की भाषा एवं सहज माहौल में अभिव्यक्ति का पूरा अवसर दें जिससे उनके शब्द भंडार में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ आत्मीय संबंध बनाकर उनके पूर्व अनुभव व शब्द भंडार को सही दिशा दें। बच्चों की बुनियादी पाठ पढ़ने, आधारभूत गणित के सवालों को हल करने की उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए प्राथमिक शिक्षकों के शिक्षक क्षमता के संवर्धन हेतु मेजा व उरुवा ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में ब्लॉक के कुल 488 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीआरसी उरुवा के कार्यालय प्रभारी रोहित त्रिपाठी ने बताया कि मेजा और उरुवा ब्लॉक के क्रमशः कुल 507 व 488 शिक्षकों को पांच बैचों में चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। कल से 50 - 50 शिक्षकों को दो बैचों में बीआरसी उरुवा के दोनों सभागार हॉल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच सोमवार से 8 फरवरी तक सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। इस मौके पर प्रशिक्षण सन्दर्भदाता एआरपी डॉ गोपाल कृष्ण यादव व सुनील शुक्ला, राजेश मिश्रा, विमलेश यादव व प्रीतम दास की उपस्थिति में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त अवसर पर सुनील कुमार मिश्रा, डॉ.अमरकांत, राखी शुक्ला, अखिलेश कुमार, अल्का शुक्ला, राधिका देवी, वीरेंद्र कुमार, आलोक मिश्रा, दिवाकर राव, रश्मि साहू व अरुणेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

## मेजा ब्लॉक में आयोजित दिव्यांग शिविर में 96 दिव्यांग जनों का हुआ रजिस्ट्रेशन



**मेजा।** सोमवार को मेजा ब्लाक के सभागार में ब्लाक स्तरीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेजा ब्लाक के विभिन्न गांवों से आए 96 दिव्यांगजनों ने ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद अपना पंजीकरण कराया। दिव्यांगजनों ने अपना आधार कार्ड, आय और जाति प्रमाण पत्र जमा किया तथा विशेषज्ञों द्वारा उस फार्म को चेक किया गया। शिविर में डा. एसके मौर्य आर्थो, डा. सुभाष चंद्र नेत्र, डा. जयशंकर पटेल साइको लाजिस्ट और डा. शंकर शुक्ल ऑडियो लाजिस्ट ने परीक्षण किया। एडीओ पंचायत समाज कल्याण सुशांतु पांडेय ने बताया कि प्रमाण पत्र बनने के बाद पात्रता के अनुसार सभी को उपकरण निःशुल्क दिए जायेंगे। शिविर में यूडीआईडी के लिए10, ट्राई साइकिल के लिए 10, स्मार्ट केन के 2, कान की मशीन के लिए 3, पेंशन के एक, दिव्यांगत प्रमाणपत्र के 38, ह्विलचेयर के 4, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के 15 और कृत्रिम अंग के 13 लोगों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित दिव्यांगजनों को आगामी दिनों में सहायक उपकरण प्रदान किए जायेंगे।

## बसपा की कैडर बैठके बहुजन समाज को पुनः कर रहा है संगठित

### मायावती को प्रधानमंत्री बना सकता है बसपा की सेक्टर स्तरीय कैडर बैठकें

**कोरांव।** बहुजन समाज पार्टी बहनजी के निदेर्शानुसार विधानसभा कोरांव के सेक्टर धूस और सेक्टर देवघाट के बूथ अमिलिया पाल पर सेक्टर स्तरीय कैडर बैठक का आयोजन देवीचरन कुशव की अध्यक्षता में की गई। बसपा मण्डल प्रभारी राजेश पासी ने बतौर मुख्य अतिथि कैडर बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बहनजी द्वारा दिए गए निदेर्शों को बताते हुए लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने आगे बताया कि बहुजन समाज पार्टी एक पार्टी ही नही बल्कि पार्टी के साथ एक मिशन है जो बहुजन महापुरुषों के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है पार्टी के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से पार्टी में काम करने की जरूरत है। बहुजन समाज पार्टी पूंजीपतियो से आर्थिक सहयोग न लेकर अपने कार्यकताओं की बदौलत ही पार्टी व संगठन को



चलाती है इसलिए हम सभी को अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक मदद भी पार्टी को समय-समय पर करते रहना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी बिना किसी जातिगत भेदभाव किये काम करने वाली पार्टी है जो समाज को एकजुट करके समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्षरत है। बहुजन समाज पार्टी में ही सर्वसमाज का मान, सम्मान व स्वाभिमान सुरक्षित है। बसपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राकेश पासी बड़ा घराना ने बतौर विशिष्ट अतिथि कैडर बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं से बताया कि बहुजन समाज पार्टी किसी गमले का उगा हुआ पौधा नहीं है कि पानी देना बन्द कर देने मात्र से वो सूख जाएगा बल्कि बसपा वो वटवृक्ष है जिसकी एक टहनी काटने मात्र से सैकड़ों टहनियां खुद ब खुद अपने आप निकल आयेंगी। राजनीति सत्ता के लिये होती है और सत्ता विना संघर्ष के नहीं मिलती। बहुजन समाज के नालायक समाज मे लायकी पैदा करने के लिये मान्यवर साहब ने कैडर चलाया था। सेक्टर स्तरीय छोटी छोटी कैडर बैठको द्वारा कोशिश इसलिये की जा रही है ताकि बहुजन समाज अपनी नालायकी दूर कर वोटों की ताकत से सत्ता पर कब्जा कर अपनी एकमात्र नेता बहन मायावती को लोकसभा- 2024 के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोकसभा के प्रत्याशियों को जिताकर देश का प्रधानमंत्री बना सके। कैडर बैठक को राजू गौतम, रामकुमार कुशवाहा, मोहम्मद असलम, इकलाख अहमद, मोहम्मद लल्लन, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद अकरम, संगम लाल, पंचराज, रामकैलाश, डा. आनंद राव, मोहम्मद फारूक, रामकैलाश, गुडमिन, मोहम्मद नसीम, राजेश सोनकर, सावित्री देवी, गीता देवी, नगीना, कल्यानी देवी, सविता, निर्मला के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## योगी सरकार द्वारा भारी बजट पर जहां लोगों ने प्रशंसा की, वहीं कुछ ने कहा लोक लुभावना

**सहसों।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा सदन में योगी सरकार द्वारा अब तक का सबसे भारी बजट पेश किया गया। जिससे कुछ लोगों ने बहुत ही प्रशंसनीय बजट बताया तो कुछ लोगों ने नाराजगी के साथ चुनावी तथा गुमराह करने वाला बजट बताया। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को बजट पेश करते किसनो, छात्रों, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा जनकल्याण कारी योजनाओं आदि पर विशेष ध्यान देते प्रशंसनीय बजट पेश किया। जिस पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि सहित आदि लोगों ने बजट पर प्रसन्नता व्यक्त किया। तो वहीं कुछ लोगों ने निंदा करते हुए चुनावी एवं लोक लुभावना बजट बताया।

इस बजट पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि यह बजट सिर्फ लोक लुभावन और चुनावी है। आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव को दृष्टिगत प्रस्तुत किया गया है। इसमें दैनिक जीवन में काम आने वाली खाद्य वस्तुएं, डीजल, पेट्रोल एवं अन्य जीवन रक्षक




देवराज उपाध्याय।



वीरेन्द्र बहादुर सिंह।



अनिरुद्ध सिंह पटेल।



मोहम्मद हलीम अंसारी।

दवाइयां उर्वरक आदि मूल्यों पर कोई कमी नहीं की गई है। बजट में नौजवानों को कैसे नौकरियां मिले कैसे महंगाई पर नियंत्रण हो इस पर कोई बात नहीं की गई है।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह का कहना है कि इस बजट में मध्यम वर्ग तथा रोजगार सृजन की चिंता की गई है। यह बजट उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों, गरीबों, नौजवानों, महिलाओं, बुजुर्गों, कर्मचारियों एवं हर तरह से सभी लोगों तथा आमजन के प्रति समर्पित बजट है।

भाजपा नेता एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल का कहना है कि इस बजट से शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, उद्योग, किसानों, मजदूरों, ऊर्जा एवं निराश्रित पेंशन एवं नए कॉलेजों सहित हर क्षेत्र को देखते हुए यह बजट बहुत ही प्रशंसनीय बजट है।

पूर्व प्रत्याशी विधानसभा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हलीम अंसारी ने बजट पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट महंगाई, जनविरोधी एवं हवा हवाई है।

## विमलेश पटेल काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया विभाग बने

**प्रतापपुर।** बेला, प्रतापपुर निवासी विमलेश पटेल पुत्र रामकृपाल को क्षेत्र अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र दिलीप पटेल द्वारा काशी क्षेत्र का क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया विभाग बनाया गया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा में विमलेश पटेल कई वर्षों से कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के रूप में पूरी ऊर्जा एवं कर्मठता से लगे हुए हैं, वर्तमान में विमलेश पटेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा युवा मोर्चा एवं उत्तर प्रदेश चेयरमैन केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार पद पर हैं। विमलेश पटेल की नियुक्ति पर कविता पटेल ज़िलाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध पटेल जिला उपाध्यक्ष, रितेश पटेल, राजा मौर्या डायरेक्टर केंद्रीय उपभोक्ता भंडार, बबलू सिंह, रमाकांत पटेल, लालजी गौर, लाल बहादुर मौर्या, हरिकेश सिंह, चंदन गुप्ता, रामशिरोमणि पटेल, सुभाष भारतीय, राज नारायण पटेल, रमेश मौर्या, डबलू तिवारी, अब्बास, जावेद, संजय भारतीय, गणेश सिंह, धर्मराज



पटेल, रवि चौरसिया, प्रणव द्विवेदी, राजित राम आदि लोगों ने विमलेश को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है। भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र का क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया विभाग बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विमलेश ने कहा कि मैं अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा, नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देने के लिए सभी शुभचिंतकों का सहृदय आभार एवं धन्यवाद है।



## सांड से परेशान किसानों ने विकास खंड कार्यालय को घेर कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मऊआइमा।** सांडों से परेशान होकर किसानों ने मऊआइमा विकास खंड कार्यालय को घेर कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर सांड को पकड़वाने की मांग की है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ के ग्राम प्रधान अमजद हुसैन, महफूज, नन्दलाल, रामफल, सालिकराम, मिठाई लाल, कन्हैयालाल, एजाज हुसैन, ओमप्रकाश, राकेश मौर्या आदि दर्जनभर से अधिक किसानों ने विकास खंड कार्यालय को घेर कर बीडीओ उमेश सिंह को ज्ञापन सौंपा तथा मांग किए कि लगभग एक दर्जन से अधिक सांडों ने क्षेत्र की सारी फसलों को नष्ट कर दे रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वह जब सांड को भगाते हैं तो वह उल्टा उन्हीं लोगों को दौडा ले रहे हैं। किसानों का आरोप है कि रात दिन खेतों की रखवाली करते करते वह थक चुके हैं। आरोप है कि फसलों को अधिकांश सांडों ने नष्ट कर दिया है। बीडीओ उमेश सिंह ने कहा कि वह पकडवा कर गौशालाओं में भेजवाऐं गें। किसानों ने धमकी दी है कि यदि सांडों को नहीं पकडा गया तो वह सांडों को हांक कर विकास खंड कार्यालय में छोड देंगें।

## चुनावी संग्राम संविधान मिटाने वालों और संविधान बचाने वालों के बीच होगा : राजू पासी

**करछना।** समाजवादी पार्टी यमुनापार के करछना विधानसभा के अंतर्गत डीहा चुप्पेपुर ग्राम सभा में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत के मुख्य अतिथि बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी रहे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा यमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ उमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य जयशंकर भारती, महिला सभा के जिला महासचिव गीता भारती, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष मंगला प्रसाद पाल रहे। जन पंचायत की अध्यक्षता हूबलाल पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने किया। विधानसभा अध्यक्ष



ननकेश बाबू ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि पद के उद्बोधन में राजू पासी ने कहा कि आगामी चुनाव संविधान मिटाने और संविधान बचाने वालों के बीच का है जिसमे आप सभी लोगों को दिल से नहीं दिमाग से काम लेना होगा। जन पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि श्रद्धेय नेता जी की ही देन है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिनियम लागू किया था। जिसमे दलितों, पिछड़ों एवं महिलाओं को भागीदार बनाया था। मंचासीन सभी वक्ताओं ने समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए भाजपा को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरेंद्र यादव, महेंद्र सरोज, छोटे लाल शर्मा, डॉ विजय बाबू, प्रदीप निषाद, इंद्रेश यादव, डॉ अफजल, बीरेंद्र शैलेश, राजेंद्र यादव सहित सैकड़ो पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन राज नारायण और संत जी ने किया। इसके पूर्व अतिथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जन पंचायत में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और समाजवादी पार्टी को जिताने का संकल्प लिया।

## न्यूज झरोखा

### पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण के मेले में 258 युवाओं का चयन



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय के अन्तर्गत गिरधरपुर पहाड़ी हाटा, बरौधा मुख्य मार्ग पर स्थित राजकीय आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। वहीं 365 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग लिया जिसमे साक्षात्कार करते हुए 258 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले के मुख्यअतिथि सुजीत केशरवानी के द्वारा फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया गया। श्री केशरवानी ने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने मेले में आए 13 कंपनियों के प्रति आभार जताते हुए बताया कि जिस प्रकार उक्त कंपनियों ने रोजगार मेले का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का काम किया है युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सराहनीय है।राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य डी.पी सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में जिला समन्वयक उ.प्र कौशल्य विकास मिशन से अरविंद चौरसिया, सुभाष सिंह,विष्णु कांत गुप्ता, मनोज पटेल, के अलावा केंद्र प्रबंधन कौशल विकास मिशन सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### मोहम्मद पुर सराय अली में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**मऊआइमा।** मऊआइमा विक्स खण्ड के मोहम्म्मद पुर सराय अली स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया । वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम प्रधान अशोक कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू ने कहा कि कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस मौके पर एआरपी लाल चंद्र वर्मा, जगत लाल भारतीया ,नीलम ,विजय बहादुर मौर्या, राम नरेश, दिनेश कुमार, हरिश्चंद्र समेत अन्य अभिभावक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


### सत्यम व जयेश को खेल मंत्रालय द्वारा जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित





**सहसों।** केंद्रीय युवा मामलों और खेल केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृतिक क्षेत्र से प्रतिष्ठित, व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम को विकसित एवं संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन तथा सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए प्रयागराज जिला सलाहकार सदस्य के रूप में सहसों क्षेत्र के उमरीमय टटिहरा निवासी सत्यम मिश्रा हिंदू एवं सहसों बाजार निवासी जयेश केसरवानी को नामित किया गया है। जिससे दोनों सदस्यों के मनोनयन पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं एवं अन्य लोगों में बधाई देते हर्ष व्याप्त है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने हर्ष व बधाई देते हुए कहा कि ऐसे युवाओं के मनोनयन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, खिलाड़ियों के प्रतिभा में निखार आएगा तथा उनका भविष्य उज्जवल होगा। प्रमुख रूप से विमल मिश्रा, पुष्कर सिंह, राजकुमार जायसवाल, शंकर लाल, मुकेश दुबे, लक्ष्मीकांत पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, राजधर द्विवेदी, मनोज त्रिपाठी, शिवबाबू केसरवानी , विष्णु केसरवानी उर्फ गोलू , यश सहित आदि लोगों ने बधाई देते हर्ष व्यक्त किया।

### कोसड़ा कला पंचायत भवन पर 14 फरवरी को विशाल नेत्र परीक्षण शिविर होगा आयोजित



**मांडा।** सद गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा विगत वर्षों की तरह इस साल भी 14 फरवरी को निः शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोसड़ा कला के पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिसमे आपरेशन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में वोटर आईडी , आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड की छायाप्रति व मरीजों के पास घर के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर आदि होना जरूरी। उक्त जानकारी कोसड़ा कला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दरबारी लाल पटेल ने बताया कि सद गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा यह निः शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर में मांडा क्षेत्र के अलावा अन्य विकास खण्ड के मरीज भी उक्त सेवा का लाभ ले सकते हैं। निः शुल्क आपरेशन की सुविधा नेत्र शिविर में चश्मा रियायती दर में मिलेगा और मधुमेह (सुगर) जांच की निः शुल्क सुविधा उपलब्ध है। जिसमे उक्त 14 फरवरी को पंचायत भवन पर पहुंचकर अधिक से अधिक नेत्र मरीजो से लाभ लेने के लिए अपील की है।

### प्रधानों के सभी काम मानक एवं सिस्टमैटिक ढंग से किए जाएंगें : बबीता गुप्ता


#### नवांगतुक खंड विकास अधिकारी करछना ने पदभार ग्रहण किया



**करछना।** विकास खंड करछना में सोमवार को नवांगतुक खंड विकास अधिकारी सुश्री बबीता गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया सभी से औपचारिक मुलाकात के पश्चात ब्लाक परिसर में बने भवनों आवास व सभी विभागों के कक्षों का निरीक्षण कर साफ सफाई पर विशेष तौर पर जोर दिया, औपचारिक मुलाकात में प्रधान संघ के सदस्यों एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी समस्त ब्लाक कर्मियों से औपचारिक मुलाकात में लवागंतुक खंड विकास अधिकारी ने प्रधानों से शिष्टाचार मुलाकात में कहा कि प्रधानों के सभी काम मानक एवं सिस्टमैटिक ढंग से किए जाएंगे जिससे विकास कार्यों में गति मिल सके शिष्टाचार मुलाकात में प्रधानों ने क्षेत्र की समस्याओं एवं पूर्व खंड विकास अधिकारी के क्रियाकलापों पर चर्चा करते हुए नए सिरे से कार्य को आगे बढ़ाने के लिए जोर दिया गया बैठक में शिष्टाचार उपस्थित प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट महामंत्री धीतेश तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि सोनाई दिनेश श्रीवास्तव, प्रधान डांडो मिथिलेश कुमार पटेल, पचदेवरा ग्राम पंचायत के प्रधान गुलाम रसूल, प्रधान कचरी धर्मराज पटेल, प्रधान खजुरी परमानंद मौर्य ,बरदहा ब्रजेश कुशवाहा,गंगा धर शुक्ला,रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव अपने संगठन के पदाधिकारी के साथ शिष्टाचार मुलाकात की साथ ही ब्लॉक कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर एक दूसरे का हाल-चाल जाना एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने पर विशेष तौर पर जोर दिया गया।


# मुख्य न्यायमूर्ति अरूण भंसाली ने किया पदभार ग्रहण राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिलायी शपथ





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरूण भंसाली ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति का पदभार ग्रहण कर लिया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति का कार्यकाल 21 नवंबर को न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली था। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम ने दिसंबर में न्यायमूर्ति अरूण भंसाली का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में तैनात किए जाने की सिफारिश की थी।दो फरवरी को इस संबंध में अधिसूचना जारी की थी। उसके बाद सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने उनके न्यायिक योगदानों के बारे में जानकारी दी।मुख्य न्यायमूर्ति भंसाली 15 अक्तूबर 1967 को हुआ था। इसके बाद उन्होंने आठ जुलाई 1989 को अपनी व कालत की शुरूआत की। आठ जनवरी 2013 को वह राजस्थान हाईकोर्ट के जज बने। वह टैक्स, कॉरपोरेट, सिविल और संवैधानिक मामलों के अच्छे जानकार हैं। अपने 11 साल के न्यायिक कार्यकाल में 1230 रिपोर्टेड जजमेंट दिए हैं।शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, एमसी त्रिपाठी, अजंनी कुमार मिश्रा, वीके बिरला, सिद्धार्थ वर्मा, राहुल चतुर्वेदी, एसडी सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह, महासचिव नितीन शर्मा सहित बड़ी संख्या में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ अधिकारी मौजूद रहे।



## द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का प्रयागराज आगमन आज

**प्रयागराज।** मंगलवार 6 फरवरी को द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का मुम्बई से प्रयागराज आगमन हो रहा है। एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत होने के पश्चात शहर में कई जगह स्वागत होते हुये श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर महाराज श्री का पादुका पूजन होगा अल्प विश्राम के पश्चात गौ संसद में भाग लेने के लिऐ त्रिवेणी मार्ग स्थित शंकराचार्य शिविर सेक्टर नं 3 में जाऐंगे। कार्यक्रम के पश्चात पूज्य महाराज श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे प्रतिदिन पूज्य महाराज श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से शिविर में आऐंगे ओर रात्रि में श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में रहेंगे तथा मौनी अमावस्या का स्नान मनकामेश्वर मंदिर से स्टीमर के माध्यम से संगम स्नान करने के लिए जाऐंगे।

## माघ मेले में फूड कोर्ट व पर्यटन प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन



**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में फूड कोर्ट व पर्यटन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन माननीय महापौर प्रयागराज उमेश चंद गणेश केशरवानी के कर कमलों द्वारा किया गया। माघ मेला के परेड ग्राउंड के जीटी जवाहर मार्ग में स्थापित फूड कोर्ट में सभी प्रकार के स्थानीय व्यंजन के साथ स्नैक्स आदि की व्यवस्था की गयी हैं जिससे सभी इसका आनन्द उठा सके। महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य मेला क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों से रूबरू कराना है ताकि आगामी महाकुंभ में पर्यटकों तक इसकी जानकारी दी जा सके। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि इस से पर्यटन स्थलों की जानकारी सभी पर्यटकों तक पहुंचाई जा सकेगी जिससे उत्तर प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं का विस्तार हो सके । यहां का महाकुंभ, अयोध्या का दीपोत्सव, काशी की देव दीपावली,ब्रज की होली ये सभी बड़े उत्सव उत्तर प्रदेश में मनाए जाते है।इस मौके पर क्षेत्रीय पर्यटन आधिकारी अपराजिता सिंह व वरिष्ठ, प्रबंधक, इलावर्त टूरिस्ट बंग्लो के डी० पी० सिंह भी उपस्थित रहे।

# मऊआइमा के तिलई बाजार स्थित बैंक में खुले संदिग्ध महिला के खातों की जांच करने पहुंची सीबीआई

### मऊआइमा थाने में दर्ज हुआ था 2019 में आठ लोगों के खिलाफ सामूहिक दुराचार का मुकदमा




**मऊआइमा।** मऊआइमा थान क्षेत्र के तिलई बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में एक तथा कथित महिला के खातों की जांच करने सीबीआई प्रयागराज पुलिस लाइन पुलिस के संग पहुंची।जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर में एक महिला ने दूसरी महिला के घर में उसे बंधक बनाकर कर सामूहिक दुराचार का आरोप लगाते हुए पहले पांच लोगों के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कराने के लिए न्यायालय में अर्जी दी। बताया गया है कि जब न्यायालय ने रिपोर्ट मांगी तो महिला के संग उसके षडयंत्रकारियों ने तत्कालीन सीओ के यहां आठ लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मऊआइमा थाने में 21 दिसम्बर 2019को घीनपुर के बृजेश, राजेश,देवा, वसीम, इन्द्र देव, अधिवक्ता राकेश नाथ पांडेय थाना थरवई,चन्द्रभूषण,और शमला गिरी के खिलाफ षडयंत्र रच कर दुराचार का मुकदमा दर्ज करा दिया था।जब उक्त मामला सीबीआई के पास गया तो शुरू से ही उसमें संदिग्ध प्रतीक होने लगा। बताया गया है कि इसी सिलसिले में सामूहिक दुराचार का आरोप लगाने वाली महिला को पैसों से सहायता करने वालों का नाम पता करने के लिए सोमवार को तिलई बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा पहुंच कर खातों की घंटों जांच कर के चली गई। सीबीआई को देख कर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस बाबत इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें कुछ नहीं मालूम कि सीबीआई के बारे में । उन्हें कोई कोई जानकारी नहीं है।

## झाड़ फूंक के चक्कर में तो नहीं हुई विटोला की हत्या!

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के भतकार गांव की बिटोला देवी की नृसंघ हत्या के बाद गांव में तरह तरह की चचाएं है। वही झूंसी पुलिस के साथ एसओजी ने घटना स्थल का एक बार फिर मुआयना किया और ग्रामीणों व परिजनों से पूछताछ की। जिसमे हत्या की वजह झाड़ फूंक बताई जा रही है। हालांकि पुलिस के राडार पर गांव के कई नशेड़ी भी है। भतकार की रहने वाली बिटोला पत्नी राम आसरे की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उसकी एक आंख बाहर आ गई थी, चेहरे की चमड़ी उधड़ी थी और सीना फाड़ कर दिल निकाल लिया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद उसके शव को बालू में दफनाया गया था। रविवार सुबह उसके पति ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम में दिल गायब होने की पुष्टि हुई तो गांव में सनसनी फैल गई। कातिल ने उसका सीना काटकर दिल निकाल लिया या जंगली जानवर उसके शव को खा गए, इसकी झूंसी पुलिस जांच कर रही है।

# क्रियायोग अभ्यास से मानव का सम्पूर्ण अस्तित्व मानवजाति के साथ-साथ सभी जंतु जगत, वनस्पति जगत एवं ग्रह नक्षत्र के अस्तित्व से जुड़ जाता है : स्वामी श्री योगी सत्यम

### क्रियायोग एक व्यापक विज्ञान, क्रमबद्ध अभ्यास से सभी समस्याएं हो जाती हैं दूर : पूर्व डीजीपी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अक्षयवट मार्ग स्थित क्रियायोग शिविर में सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विजय कुमार जी ने पहुंच कर क्रियायोग के बारे में बताते हुए कहा कि मनुष्य विश्व की सेवा में लग जाता है तो उसके अंदर छिपी हुई शक्ति और ज्ञान जागृत होने लगता है, और उसके पास सेवा करने से संबंधित सभी सुविधाएं स्वतः आने लगती है। अब समय आ गया है कि मनुष्य अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ विश्व की सभी रचनाओं की सेवा में लग जाए। मैं, क्रियायोग आश्रम की गतिविधियों को उस समय से देखता आ रहा हूँ जिस समय झूँसी में केवल क्रियायोग आश्रम एवं प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का आश्रम था। क्रियायोग एक व्यापक विज्ञान है, जिसके क्रमबद्ध अभ्यास से सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं ।- उक्त विचार उत्तर प्रदेश के पूर्व डी०जी०पी० विजय कुमार जी ने माघ मेले में अक्षयवट मार्ग पर स्थित क्रियायोग शिविर में कही। इस अवसर पर स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने क्रियायोग अभ्यास कराते हुए स्पष्ट किया कि क्रियायोग अभ्यास से मानव का सम्पूर्ण अस्तित्व मानवजाति के साथ-साथ सभी जंतु जगत, वनस्पति जगत, ग्रह नक्षत्र आदि के अस्तित्व से जुड़ जाता है। अभ्यास की पूर्ण गहराई में उतरने पर मनुष्य के अंदर विद्यमान सत्य और अहिंसा की शक्ति ब्रह्मांड की सभी रचनाओं में प्रसारित होने लगती है। परिणामस्वरुप सभी को सुख और शांति मिलती है।

# प्रयागराज की तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में



**नैनी।** प्रयागराज की तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में 7 फरवरी से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित होने वाली सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभा करने वाली उत्तर प्रदेश की टीम विशेष प्रशिक्षण शिविर के डॉ भीमराव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल अयोध्या में आयोजित की गई थी जिसमें खिलाड़ियों के प्रतिभा के अनुसार राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने हेतु उत्तर प्रदेश टीम घोषणा कर दी गई। उत्तर प्रदेश टीम मैं प्रयागराज की तीन बालिका खिलाड़ियों 1 वैष्णवी दीक्षित 2 मनीष त्रिपाठी 3 अदिति सिंह का चयन टीम में किया गया इसकी सूचना उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने प्रयागराज हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दिए उत्तर प्रदेश टीम में खिलाड़ियों को चयन होने पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी तथा संघ के पदाधिकारी बी दीक्षित योगराज मिश्रा दिनेश कुमार मिश्रा पंकज मंडल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद सचिन अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सोनम सिंह अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सृष्टि अगरवाल अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नेहा पांडे अंतरराष्ट्रीय कोच विनय मिश्रा के के चौबे अनिल मिश्रा प्रांजल सिंह विनय पांडे अखिलेश वर्मा अभिषेक गुप्ता राम बहादुर सिंह अनुपम सिंह आयुष यादव वैभव दिक्षित अतुल सिंह व विमला सिंह क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला उप क्रीड़ा अधिकारी जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व अन्य साथी खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा संबंधित सर्वोच्च अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में हैंडबॉल खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज का अथक सहयोग किया जाएगा।



## अरैल के कुशवाहा नगर में सड़कों पर बह रहा है गंदा पानी

**नैनी।** नैनी अरैल के कुशवाहा नगर में तीन महीना से नाली का गंदा पानी जाम होने के कारण सड़कों पर बह रहा है पानी लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने नगर निगम अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि तत्काल नाली को साफ कराया जाए जो सामने पड़ा हुआ कूड़ा करकट उसको भी हटाया जाएगा क्योंकि 9 तारीख को मौनी अमावस्या का त्योहार इसी रास्ते से गंगा स्नान करने के लिए लोग जाते आते हैं यह कुशवाहा नगर दिलीप कुशवाहा के घर के सामने की है तत्काल साफ कराया जाए।

# चीफ प्रॉक्टर ने बताया जान को खतरा पुलिस कमिश्नर से मांगा गनर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश सिंह ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर खुद की जान को खतरा बताया है। साथ ही गनर की मांग की है। उन्होंने लाइब्रेरी गेट पर आंदोलन करने वालों में उपद्रवियों के शामिल होने की बात करते हुए उन्हें नहीं हटाए जाने पर खेद भी जताया है। चीफ प्रॉक्टर ने पत्र की प्रति मुख्यमंत्री, डीजीपी समेत अन्य अफसरों को भी भेजी है।विश्वविद्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने शनिवार को प्रॉक्टर को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की थी। सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि आंदोलन में कई उपद्रवी शामिल हैं। गेट पर रोके जाने पर वे धमकी देने के साथ अपमानित करते हैं। अब धैर्य की सीमाएं टूट रही हैं और यह सब झेल पाना कठिन हो रहा है। इसी परिपेक्ष्य में प्रॉक्टर ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है। चीफ प्रॉक्टर ने लिखा है कि कुछ अराजक तत्वों ने चार दिनों से विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर अवरोध बना रखा है। इनमें ज्यादातर अराजक तत्व और उपद्रवी है। अभी हाल में छात्रावासों को अराजक तत्वों से खाली कराया गया है। यह इसी की प्रतिक्रिया है।

**जताई हत्या की आशंका :**

चीफ प्रॉक्टर ने लिखा है कि उपद्रवी लगातार सुरक्षा कर्मियों को अपमानित कर रहे हैं। ऐसे में उनके मनोबल को बनाए रखने के लिए वह देर रात तक परिसर में ही रहते है। प्रोफेसर सिंह ने लिखा है कि स्थिति को इससे ही समझा जा सकता है कि शनिवार को अवकाश के दिन भी वह आधी रात तक प्रॉक्टर कार्यालय में रहे और उसी दौरान यह पत्र लिख रहे हैं। चीफ प्रॉक्टर ने लिखा है कि उपद्रवियों से उनकी जान को खतरा है। गार्ड न रहें तो उपद्रवी हत्या कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी लिखा है कि पूर्व में चीफ प्रॉक्टर को गनर मिलते रहे हैं। प्रोफेसर सिंह ने यह भी लिखा है, यदि पुलिस प्रशासन के पास ऐसी कोई रिपोर्ट है कि प्रॉक्टर को कोई खतरा नहीं है तो उसे भी दिखा दें। ताकि, वह और उनका परिवार निश्चिंत हो सके। चीफ प्रॉक्टर ने यह भी लिखा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की हर बात सुनने के लिए तैयार है लेकिन कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से उपद्रवियों को गेट से न हटाए जाने को लेकर खेद प्रकट करने के साथ समुचित कार्रवाई की मांग की है। उधर, युवा मंच के संयोजक राजेश सचान ने चीफ प्रॉक्टर और विश्वविद्यालय प्रशासन पर विद्यार्थियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सचान ने राष्ट्रपति को एक्स पर पोस्ट करके हस्तक्षेप करने की मांग की है।

## अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विगत 31 जनवरी को ब्लाक बाजार से एक युवक की बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय केशव उर्फ बागी निवासी सरताज पुत्र मोहम्मद रईस की बाइक ब्लाक बाजार से चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी जनपद कौशांबी**
**उत्तराधिकार वाद संख्या 2/70 सन 2024**
**बृजेश कुमार ओझा बनाम श्रीमती तारा देवी आदि**

मुकदमा बादी बृजेश कुमार ओझा ने न्यायालय में एक आवेदन किया है जिसमें विपक्षी श्रीमती तारा देवी पत्नी त्रिभुवन प्रसाद ओझा निवासी ग्राम तिल्हापुर तहसील चायल जनपद कौशाम्बी वा रमेश चंद्र ओझा पुत्र त्रिभुवन प्रसाद ओझा निवासी ग्राम तिल्हापुर तहसील चायल जनपद कौशाम्बी हालपता 1056 / 9 के / 1 राजरूपपुर जनपद प्रयागराज वा सुरेश चंद्र ओझा पुत्र त्रिभुवन प्रसाद ओझा निवासी ग्राम तिल्हापुर तहसील चायल जनपद कौशांबी हालपता 1056 / 9 के / 1 राजरूपपुर जनपद प्रयागराज वा विमला मिश्रा पुत्री त्रिभुवन प्रसाद ओझा पत्नी अभय कुमार मिश्रा निवासिनी 6 चैथम लाइन शहर प्रयागराज वा सुमित्रा देवी पुत्री त्रिभुवन प्रसाद ओझा पत्नी प्रेम राज मिश्रा निवासिनी ग्राम तेलियावीर जनपद प्रयागराज वा रीता मिश्रा पुत्री त्रिभुवन प्रसाद ओझा पत्नी अवध किशोर मिश्रा निवासिनी लालबाग कॉलोनी शहर प्रयागराज वा सुनील कुमार ओझा पुत्र त्रिभुवन प्रसाद ओझा निवासी तिल्हापुर तहसील चायल जनपद कौशांबी हाल पता शाहा उर्फ पीपल गांव सदर जनपद प्रयागराज वा सुशील कुमार ओझा पुत्र त्रिभुवन प्रसाद ओझा निवासी निहायुपुर तहसील चायल जनपद कौशांबी को 01 मार्च 2024 को सुबह 10:00 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय रूप से वाद को सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

**हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी**


# कुंभ को प्लास्टिक मुक्त करेगा इको इंडिया ऑर्गेनाइजेशन






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वर्तमान में पर्यावरण एक चुनौती के रूप में हमारे सामने खड़ी है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि, वर्षा नियमित न होना, मृदा प्रदूषण एवम,जल प्रदूषण प्रमुख समस्याएं सामने खड़ी है जिसका मुख्य कारण पेड़ो की कटाई और प्लास्टिक है। इस सभी समस्याओं का समय एकमात्र उपाय है वृक्षारोपण और प्लास्टिक बहिष्कार। इन्हीं पर्यावरण समस्याओं से हमारे समाज से बहुत सारे लोग एवम संस्थाएं लड़ाई लड़ रही है। इको इंडिया ऑगेर्नाइजेशन है जो कई सालो से वास्तविक रूप से जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। इस संस्था के मुख्य नेतृत्वकर्ता डा.संदीप सेठ (सिद्धार्थ सेठ), अभिषेक सिंह यायावर, अखिलेश कुशवाहा, सुजल कृष्णा ,रामबाबू तिवारी, स्वराज चंद्र यादव,शांतनु मिश्रा, मोहित सिंह पवन सिंह है। इन सभी समाज सेवको एवम पर्यावरण चिंतकों ने जोकि छात्र जीवन में रहते हुए एक आंदोलन छेड़ा है और वास्तविक रूप से इस मुद्दे पर जमीनी स्तर पर साप्ताहिक रूप से ह्लसंडे प्लॉगरह्व अभियान चलाया है जिसमे हर रविवार को पार्कों की सफाई जैसे संगम क्षेत्र, तिरंगा पार्क( कैंटोनमेंट क्षेत्र) तथा हरिशंकर पार्क( सोहबतियाबाग) आदि स्थानों को कूड़ा कचड़ा मुख्य रूप से प्लास्टिक की सफाई के साथ साथ जागरूकता अभियान भी चलाते है। इस सभी लोगो ने यह ठाना है कि प्रयागराज को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त करेंगे साथ ही कुंभ 2025 को प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे साथ ही साथ सम्पूर्ण भारत को स्वच्छ करेंगे , प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे और पर्यावरण की पुनर्स्थापना करेंगे।

## दस माह बाद चोरी की बाइक के साथ एक चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**मऊआइमा।** दस माह पूर्व चोरी हुई बाइक को मऊआइमा पुलिस ने मय बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदियानी निवासी मोहम्मद रहीम पुत्र मोहम्मद शरीफ की बाइक के सामने खडी थी जिसे 28 मार्च 2023की रात में एक चोर चोरी कर ले गया था।जिसका चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। पुलिस ने 30 मार्च को मुकदमा दर्ज कर लिया था। सोमवार को दोपहर में मऊआइमा थाना के सब इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, कांस्टेबल सुधीर कुमार ने ग्राम खोजापुर चौराहे से सुनील कुमार पुत्र राजेश कुमार शर्मा सराय दत्ते सोरांव थाना निवासी को मय चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कौंधियारा पुलिस नाकाम ! मां को नहीं मिली बेटी खुशी



**कौंधियारा।** थाना पहलू का पूरा गांव रहने वाली खुशी नाम की लड़की आज तक नहीं मिली, 25 दिन हो गया .लेकिन आज तक खोजने में नाकाम रही पुलिस,जिसके संबंध में राजू देवी ने कौंधियारा थाने में एफ आई आर दर्ज कराया है लेकिन आज तक कार्यवाही के नाम पर पुलिस टाल मतोल कर रही है राजू देवी का कहना है कि गॉव कि एक महिला बहला फुसला कर ले गयी है 25 दिन हो चूका है लेकिन मेरी लड़की का आज तक कोई पता नहीं चला है राजू देवी का कहना है कि गांव की ही एक महिला है जो यम द्वितीया के मेले में घुमाने ले गई लेकिन आज तक उसका कोई पता नहीं चला है महिनों बीत जाने के बाद भी आज तक बारामद करने में नाकाम रही है कौंधियारा की पुलिस। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष कौंधियारा से बात की गई तो उन्होने बताया कि हम कई बार और हमारे चौकी प्रभारी जारी ने पुलिस बल के साथ लड़की का पता किया लेकिन आज तक पता नहीं चल पाया है गांव की वह महिला जो लड़की को ले गई थी उसको थाने पर बुलाकर कई बार जांच की गई है उस महिला ने बताया की हम लड़की को नहीं ले गए हैं हमारे साथ वह लड़की गौहनिया तक गई थी मैं अपने ससुराल चली गई। दूसरी तरफ लड़की की माँ राजू देवी का कहना है कि गांव की वही औरत बहला फुसलाकर बेच दी है मैं जारी पुलिस चौकी तथा थाना कौंधियारा के चक्कर लगा लगा कर थक चुकी हूं ,लेकिन पुलिस खोजने में नाकाम रही है और मेरी लड़की आज तक बारामद नहीं हुई है हम लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

# भाषा पालि के उन्नयन व जनमानस में लोकप्रिय बनाने के लिए लिया गया संकल्प

## प्राचीन पालि भाषा के संवर्धन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



कार्यशाला में बोलते मुख्य अतिथि

**प्रतापगढ़।** भारत की प्राचीन पालि भाषा के उन्नयन व जनमानस में जनजागरण अभियान के साथ आगामी 23 फरवरी को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के द्दष्टिगत एक दिवसीय पालि भाषा कार्यशाला सम्राट अशोक महान अशोक पुस्तकालय में आयोजित किया गया। कार्यशाला का बुद्धारम्भ सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार, प्रयागराज से पधारें भिख्खु डा0 नीतेश वर्द्धन व भन्ते अश्वजित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व त्रिशरण पंचशील द्वारा किया गया।

कार्यशाला में पालि भाषा के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर भिख्खु डॉ0 नीतेश वर्द्धन प्रकाश डालते हुए विनय पिटक, अभिधम्म पिटक, जातकावालि, धम्मपद, राजोवादजातक,सिगालवाद सुत्त के साथ पालि व्याकरण-धातु रूप, संधि विच्छेद, समास व जनपद संस्कार उपाध्याय आचार्य उमेश चन्द्र द्वारा शब्द रूप पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे राकेश कन्नौजिया ने कहा कि पालि भाषा को जनमानस में स्थापित करने के लिए लोगों को विशेषकर युवाओं को अपने पाठ्यक्रमों में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संयोजनकर रहे आचार्य डा0 शिवमूर्ति लाल मौर्य ने इसे अभियान के रूप में लेते हुए आने वाले वर्षों में अधिक से अधिक लोगों को हाई स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं में पालि भाषा को विषय के रूप में लेकर सम्मिलित होने पर बल देते हुए सभी के प्रति आभार व कृतज्ञता प्रकट किया। इस अवसर पर बहन लीलावती, सुनील मौर्य, एडवो0 जगदीश मौर्य, आचार्य राजीव अनीता, बसन्त लाल मौर्य, राम बहादुर मौर्य, हरि श्याम मौर्य, विनोद कुशवाहा, राम लखन मौर्य, रंजू बौद्ध, दिनेश कुमार, दीक्षा, राम प्रताप, कवि नीरज, शिव प्रताप, राजेन्द्र, राहुल सरोज, राकेश चन्द्र, कंचन, प्रशान्त, आदि कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश्य न्याय की लड़ाई लड़नाः डा0 लालजी

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आगमन को लेकर कांग्रेसियों ने की तैयारी बैठक

**अखंड भारत संदेश**



इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

**प्रतापगढ़।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रतापगढ़ आगमन को लेकर तैयारी बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

बैठक में सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में आवश्यक सभी बिंदुओं पर सघन चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यात्रा के संभावित रुट पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा का उद्देश्य समाज में तेजी से लोगों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध न्याय की लड़ाई के लिए है, युवाओं को बेरोजगारी, किसानों को न्याय, महिलाओं को सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों को लेकर की जा रही यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत हो रहा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह, नगर अध्यक्ष इरफान अली, डॉ0 नीरज त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, मो0 इश्तियाक, हरिश्चन्द्र सरोज, मो0 दिलशाद, उत्सव भूषण, मो0 असलम खां, सुरेश कुमार दुबे, सुधीर तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, अब्दुल माबूद, दीपक तिवारी, अरविंद तिवारी, बन्ने मालिक, चरण सिंह यादव, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बंधी समां, हुआ पुरस्कार वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के सुजाखर स्थित पण्डित जनार्दन प्रसाद मिश्र शिक्षण संस्थान में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम सरस्वती माँ के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं की सहभागिता प्रशंसनीय दिखी। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा गया ।मुख्य अतिथि पण्डित जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी ने शिक्षा के उन्नयन को लेकर सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व डॉ. नीरज त्रिपाठी ने भी शैक्षिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक पण्डित राघवेंद्र प्रसाद मिश्र ने स्वागत तथा संयोजक प्रेमलता ने आभार प्रदर्शन किया। व्यवस्थापक ऋषि कुमार मिश्र द्वारा शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार मिश्र प्रखर ने किया। इस मौके पर अरुण मिश्र, सुधीर तिवारी, अनिल तिवारी, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, आनंद पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, सुनील श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# चौबीसवें महाकाल महोत्सव का आयोजन छह मार्च से

## रामराज्य व समान नागरिकता होगा केंद्रीय विषय

**अखंड भारत संदेश**



भयहरणनाथ धाम में आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चैबीसवें महाकाल महोत्सव का भव्य आयोजन 6 से 9 मार्च को होगा। इस वर्ष महोत्सव का केंद्रीय विषय रामराज्य व समान नागरिकता होगा, जिस पर केंद्रित विविध धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

इस सम्बन्ध मे धाम में समिति की बैठक कोषाध्यक्ष लालजी सिंह की अध्यक्षता में हुई। महासचिव समाज शेखर ने सर्वप्रथम से सभी का स्वागत करते हुए मेला व महोत्सव की पृष्ठ भूमि रखी। तय हुआ कि गत वर्षों की भाँति भव्यता के साथ सभी के सहयोग और लोक भागीदारी से आयोजन होंगे, जिसमें प्रबन्ध समिति सदस्यों व मंदिर व मेला व्यवस्था हेतु बनी उपसमितियों के सदस्यों की द्वारा सुव्यवस्था की जायेगी। तय हुआ कि मेला व महोत्सव में कोई नई परम्परा कायम की नहीं जायेगी। बैठक में महाशिवरात्रि के विशाल मेले व महाकाल महोत्सव में आवश्यक व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को गत वर्ष की भाँति पत्र देंकर सम्बन्धित विभागों के सहयोग प्राप्त करने हेतु महासचिव को पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की वसूली नहीं होगी। सभी दुकानदारों की आई डी की प्रति जमा कराई जायेगी। नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई व प्रकाश आदि की उतम व्यवस्था की जायेगी। सभी ने विधायक व सांसद से भी आवश्यक सहयोग व भागीदारी की अपेक्षा की। बैठक में प्रमुख रूप से युवा नेता हरि शंकर दुबे, उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, उपाध्यक्ष वित्त एवं लेखा राजीव नयन मिश्र, सचिव मीडिया डॉ पी एन मिश्र, सचिव संगठन राज किशोर मिश्र, प्रबन्ध समिति सदस्य गण शैलू जायसवाल, अवधेश मिश्र, संजीव कुमार सिंह, राम अजोर, राज कुमार गौतम आदि शामिल रहे।

### धाम से जुड़ी सभी सार्वजनिक भूमि को खाली कराने की हुई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रबन्ध समिति की बैठक में संरक्षक ओम प्रकाश सिंह व वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र सिंह ने धाम की भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मंदिर की वर्तमान दर्ज भूमि पर भी कब्जा है। प्राचीन तालाब, बंजर व रास्ता आदि भूमि को राजस्व कर्मियों की मदद से खेत बना दिया गया है। मेला बढ़ता जा रहा है जगह कम हो गई है, जिससे धाम का विकास अवरुद्ध है। जिस पर सर्व सम्मति से तय हुआ की महासचिव समाज शेखर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर वर्तमान दर्ज भूमि की नाप कराके अबिलम्ब भौतिक रूप से धाम के उपयोग हेतु प्राप्त किया जाए। साथ ही प्राचीन भूमि के मामलों को मजिस्ट्रियल अथवा उच्च स्तरीय जांच कराके उक्त मामले का हल कराया जाए जिससे समुचित समाधान हो सके।

# बेकाबू ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

## सिपाही समेत दो लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**



घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी सतपाल अंतिल।

**प्रतापगढ़।** पानी बरस रहा था और अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर बेकाबू एक ट्रक ने ट्रैक्टर और उसके बाद फिर पुलिस वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि सिपाही समेत दो लोग की हालत गंभीर बनी हुई है। हाईवे पर हुई घटना के कारण काफी देर तक जाम लगा रहा।

बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के गोडे.गांव के पास यह भीषण हादसा रविवार की रात सवा नौ बजे के करीब हुआ था। गांव में देर रात जेसीबी से बनाई जा रही सड़क का कुछ लोग विरोध कर रहे थे। जनहित में यह सूचना पुलिस कन्ट्रोल रुम को दी गई। मौके पर जांच के लिये पुलिस-112 की गाड़ी पुलिस कर्मियों को लेकर पहुंचा था। मौके पर मौजूद लोगों को पूरा प्रकरण पुलिस वाले समझा भी रहे थे। इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार मौके पर पहुंचे। मरने वाले युवक का नाम भोला बताया गया। गाड़ी में फंसे पुलिस कर्मियों को निकालने का काम काफी देर तक चलता रहा। घायलों को देखने के लिये पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी घटना सथल के साथ-साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने गंभीर रुप से घायल सिपाही व युवक के उपचार में कोई ढिलाई न करने की सलाह दी। अभी भी सिपाही की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का मानना है कि यह हादसा ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ है।

## दहेज हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना मानिकपुर के व0उ0नि0 शत्रुघन वर्मा मय हमराह उ0नि0 अतुल तिवारी म0आरक्षी पिंकी यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मानिकपुर के मु0अ0सं0 23/24 धारा 498ए, 323, 304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित दो अभियुक्त सन्दीप कुमार निर्मल पुत्र श्यामलाल निर्मल व सावित्री देवी उर्फ रघवाइन पत्नी श्यामलाल निर्मल नि0गण ग्राम ऐंठू थाना मानिकपुर को थाना क्षेत्र मानिकपुर के रेलवे स्टेशन गढ़ी मानिकपुर से गिरफ्तार किया गया।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देवली के पुतईपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व्यास इन्दिरा रमणाचार्य ने कहा कि जब जब धरती पर पाप बढता है, तब तब भगवान स्वयं अवतार लेकर पापियों का नाश करते हैं। जब भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य हुआ तो कारागार के ताले खुल गये। बंदीजनों को नींद आ गई। वासुदेव ने कंस के भय से भगवान श्रीकृष्ण को सूप मे रखकर गोकुल के लिए प्रस्थान किया। यमुना नदी पार करने के दौरान मां यमुना भगवान श्रीकृष्ण के चरणों को स्पर्श करने को आतुर हो बहाव तेज कर दिया और लहरों से भगवान का चरण छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं कृष्ण जन्म को लेकर महिलाओं ने भजन, सोहर, मंगल गीत गाए। खुशियां मनाई। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की..., मेरे बाके बिहारी लाल ना करना श्रृंगार नजर तोहे लग जायेगी..., धन धन भादौ महिनवा, सुघर समयिया कि जन्मे है कृष्ण कन्हैया..., जैसे गीतों से समूचा पांडाल झूम उठा। भक्तिभाव में महिलाएं झूमकर नृत्य करने लगीं। आयोजन समिति की विद्यावती पांडेय, राम नरेश पांडेय ने स्वागत व रमेश पाण्डेय, ओम प्रकाश पांडेय, संजय पांडेय रंजय पांडेय ने आभार जताया। इस मौके पर अरुण शुक्ल, निर्झर प्रतापगढ़ी, घनश्याम तिवारी, श्याम शुक्ल, यज्ञ नारायण तिवारी, हृदय नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में कार हुई क्षतिग्रस्त

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चांदा बाजार से पट्टी आ रही एक कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दिया जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित कार मालिक ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कंधई थाना के पूरेपांडे दीवानगंज बाजार के रहने वाले भोलानाथ पुत्र राधेश्याम अपनी कार से चादा बाजार से पट्टी की तरफ आ रहे थे जैसे ही वह सैफाबाद बाजार पहुंचे एक दूसरी कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# आरोपी महिला सलमा की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही पुलिस

## दुष्कर्म व गर्भपात के आरोपी को पुलिस ने पहले ही किया है गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** फेसबुक से दोस्ती कर युवती से शारीरिक संबंध बनाकर उसे गर्भवती करने और गर्भपात करा देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं उसकी पत्नी की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है।

बता दें पट्टी कस्बे की रहने वाली एक युवती ने सपा से जिला पंचायत सदस्य और उनकी पत्नी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। युवती का आरोप है कि सपा नेता ने उसकी फेसबुक आईडी से दोस्ती की और धीरे-धीरे उसका नंबर हासिल किया और बातचीत करने के दौरान शादी करने की बात कहकर उससे शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया जिससे वह चार माह की गर्भवती हो गई। युवती ने जब गर्भवती होने की जानकारी उसे दी तो सपा नेता ने अपनी पत्नी के सहयोग से उसके चार माह का गर्भपात बिना उसकी सहमति से करा दिया और शादी की बात करने पर उसे तरह-तरह की धमकियां दी गई। जिसकी शिकायत पट्टी थाने पर की गई तो कोतवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सपा नेता व उसकी पत्नी के खिलाफ साजिश करके अपहरण, दुष्कर्म व गर्भपात समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के पश्चात न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में कोतवाल अर्जुन सिंह का कहना है कि आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जल्द ही फरार आरोपी महिला की गिरफ्तारी कर उसे भी जेल भेज दिया जाएगा।

# हाई स्कूल में 191 परीक्षार्थी देंगे पालि विषय की परीक्षा

## कार्यशाला आयोजित कर परीक्षार्थियों का किया गया मार्ग दर्शन

**अखंड भारत संदेश**



कार्यशाला में बोलते मुख्य अतिथि।

**प्रतापगढ़।** भारत की प्राचीन भाषा पालि ईसा पूर्व जनसंवाद की भाषा रही है। बुद्ध और सम्राट अशोक महान के समय में इसका प्रचलन था। इसका उत्थान और आगे हो इसके लिए सम्राट हर्ष वर्धन बुद्ध विहार अरैल प्रयागराज ने पहल की है। जिसमें लोगों को जोड़कर इस भाषा की परीक्षा दिलाने का प्रयास किया गया। नतीजा यह निकला कि इस वर्ष हाई स्कूल में प्रतापगढ़ से 191 लोग पालि भाषा की परीक्षा देंगे।

इसके अलावा प्रयागराज से 115, रायबरेली से 14 फैजाबाद से 13 छात्र छात्राओं ने प्राइवेट फार्म भरा है। इनको पाठ्यक्रम के बारे में जागरूक करने से उद्देश्य से सम्राट अशोक महान पुस्तकालय पल्टन बाजार परिसर में रविवार को देर शाम एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नेट जीआरएफ विद्वान नीतेश वर्धन ने आचार्य की भूमिका में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इसकी परीक्षा 23 फरवरी को होगी। संचालन डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य ने किया। जिसमें राकेश कनोजिया, दीपिका मौर्य, दिव्या मौर्य, अवनीश सरोज, कृष्ण सिंह, लीलावती, सालिक राम मौर्य समेत कई लोग शामिल हुए।



छुट्टा पशुओं को गाड़ी पर लादते सफाई कर्मचारी

# नगर पालिका का छुट्टा पशुओं के विरुद्ध अभियान जारी

## सोमवार को शहर में पकड़े गये 18 पशु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर में छुट्टा पशुओं की धरपकड़ नगर पालिका कर्मियों द्वारा लगातार की जा रही है। लगभग एक सप्ताह से शुरू यह कार्य निरंतर जारी है। सोमवार को शहर के मीरा भवन चैराहा, हादीहाल व केपी कालेज के पास से 18 छुट्टा पशुओं को नगर पालिका ने पकड़ लिया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम शासन प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील के नेतृत्व में किया जा रहा है। बताया गया कि छुट्टा पशुओं के विरुद्ध अभियान तब तक चलेगा, जब तक छुट्टा पशुओं की संख्या शहर में खतम नहीं हो जाएगी। छुट्टा पशुओं के विचरण पर नगर पालिका आगे भी निगाह रखेगी और छुट्टा पशु मिलने पर उन्हें पकड़कर गोशाला में डाल दिया जाएगा। आज पकड़े गये 18 छुट्टा पशु को इटवा गोशाला में भेजा गया।

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने घर में घुसकर महिला को जमकर मारापीटा व घरेलू सामानों में तोड़फोड़ किया।लीलापुर थाना के कोड़रा मादूपुर गांव की अनीता पत्नी शिव नारायण दुबे का आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति जिले में आयकर विभाग में तैनात है। उसके द्वारा आए दिन उसे गाली व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। रविवार को आरोपित ने अपनी पत्नी तथा पांच के साथ मिलकर गाली देते हुए उसे मारापीटा व तोड़फोड़ किया।शोर मचाने पर जान से मरने की धमकी देते भाग निकले। पीड़िता ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी, लेकिन वह नही आई। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### महिला को घर में घुसकर पड़ोसी ने पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रंजिश में एक महिला को पड़ोसी ने घर में घुसकर मारा पीटा। पीड़ित महिला की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बारडीह गांव की रहने वाली अंजना पत्नी रामजनक को उसके पड़ोसी ने पुरानी रंजिश में रविवार की शाम को दौड़ा लिया। अंजना घर में घुसकर जान बचाने के लिए भागी तो आरोपी ने घर मे घुसकर उसे गाली गलौज करते हुए मारा पीटा तथा घर में रखा हुआ सामान भी तोड़ दिया।

# फांसी के फंदे पर झूली रेल कर्मी की पुत्री, कालोनी में हड़कंप

## किसी बात को लेकर मां ने डांट दिया था, घटना के समय घर में था छोटा भाई

### न्यू रेलवे कालोनी के क्वॉर्टर से पुलिस ने उतारा किशोरी का शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोतवाली नगर स्थित न्यू रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर में सोमवार को सुबह ट्रेन ड्राइवर की पुत्री ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका कक्षा 8 की छात्रा थी। घटना के समय उसका छोटा भाई साथ में था। माता और पिता बाहर थे सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मंगवा चुंगी चैकी पुलिस ने किशोरी के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सियाराम सरोज मां मेल देवी रेलवे स्टेशन पर गुड्स ट्रेन के ड्राइवर हैं। वे परिवार के साथ न्यू रेलवे कालोनी के क्वॉर्टर में रहते हैं। इस समय वह तुगलकाबाद में ट्रेनिंग पर गए हुए हैं। पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। बताया जाता है कि सुबह 9 बजे के करीब पत्नी ने पुत्री शिवानी सरोज (15 वर्ष) को किसी बात पर डांट फटकार दिया, उसके बाद वह जेठवारा चली गई। उनके जाने के पश्चात शिवानी ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय उसका छोटा भाई बगल वाले कमरे में टीवी देख रहा था। जब उसको जानकारी हुई तो उसने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। इस संबंध में चैकी इंचार्ज अंकित श्रीवास्तव का कहना है कि शिवानी सरोज का शव उसके कमरे में लटकता हुआ मिला था। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। चचाओं से पता चला कि उसकी मां ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। भाई ने बताया कि घटना के बारे में उसे पता नहीं है। वह टीवी देख रहा था। विभागीय सूत्रों से पता चला है कि शिवानी सरोज बीमार रहती थी। बार-बार बेहोश हो जाती थी। उसकी दवा चल रही थी विभाग के अधिकारियों ने इसकी सूचना सियाराम सरोज को दी है इस घटना से रेल प्रशासन में शोक की लहर है। मेन्स यूनियन के मंत्री अनिल शुक्ला और मजदूर यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान, एलआई अच्छे लाल समेत कई कर्मचारियों ने शोक जताया है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़, एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा जारी, कौशांबी सहित विभिन्न जिलों में आरोपी के विरुद्ध दर्ज है कई गंभीर घटनाओं के मुकदमे**



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना में तैनात सिपाही अवनीश दुबे के ऊपर बोलेरो से टक्कर मार कर मौत देने वाले गुनाहगार बकरा चोर को एसओजी और सराय अकि ल पुलिस की संयुक्त टीम ने पुरखास और युसुफपुर गांव के समीप से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है गुनाहगार के दाहिने पैर में पुलिस की गोली लगी है जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पूर्व सराय अकिल थाना क्षेत्र से बकरा चोरी करके बोलेरो से भाग रहे गुनहगारों को सराय अकिल पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया था जिस पर गुनहगारों ने बोलेरो वाहन से सिपाहीअवनीश दुबे को टक्कर मार दिया था जिससे सिपाही लहूलुहान हो गया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सीसीटीवी कैमरा और ग्रामीणों के बयान के बाद पुलिस ने बोलेरो वाहन को तलाश निकाला और बोलेरो वाहन के चालक को गिरफ्तार करने का प्रयास किया लेकिन गुनहगार ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी जिस पर पुलिस टीम ने बचाव में फायरिंग की जिससे गुनहगार के पैर में गोली लग गई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और जब उससे कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया घायल अवस्था में पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसके विरुद्ध लिखा पढ़ी कर दी है पुलिस मुठभेड़ की घटना सोमवार की सुबह सात बजे हुई है पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश केसरवानी पुत्र रामकृष्ण केसरवानी निवासी शंकरगढ़ प्रयागराज के रूप में हुई है मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 10 फरवरी

**हरियाली से परिपूर्ण सम्पूर्ण विद्यालय कैम्पस तथा अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के लियें निःशुल्क छात्रावास एवं निःशुल्क भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध है**

**कौशाम्बी।** प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रयागराज(कोराव) में अटल आवासीय विद्यालय में, जनपद कौशाम्बी के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं कोविड-19 के दौरान निराश्रित हुए बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा-06 के लिए उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक व 70 बालिका) तथा कक्षा-09 के लिए उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक व 70 बालिका पर अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की दिनांक 05 फरवरी 2024 निर्धारित की गई थी, मंडलायुक्त प्रयागराज की अध्यक्षता में आयोजित मंडलीय अनुश्रवण की समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 फरवरी 2024 कर दिया गया है। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी महंत प्रजापति ने देते हुए बताया कि आवेदन पत्र श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय, मंझनपुर कौशाम्बी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालयों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से पूर्वान्हन 10 बजे से सायं 05 बजे तक निःशुल्क प्रास तथा आवेदन पत्र जमा किया जा सकता हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 25.02.2024 को किया जायेगा। अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा किया जाता हैं। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बी0ओ0सी0डब्ल्यू0 बोर्ड में पंजीकृत ऐसे पात्र निर्माण श्रमिक,जिनका पंजीयन दिनांक 31.12.2020 के पूर्व हो तथा जिनका पंजीयन हुए 03 वर्ष या उससे अधिक की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका हो, उनके प्रति परिवारों के अधिकतम 02 बच्चें पात्र होंगे तथा वे बच्चें जो कोविड काल में अनाथ हुए हैं व जिनका पंजीयन महिला एवं बाल विकास विभाग में हुआ है तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के बच्चें पात्र है। विद्यालय में कक्षा 06 में प्रवेश के लिए ऐसे बच्चे,जिनकी जन्मतिथि दिनांक 01.05.2012 से दिनांक 30.04.2014 के बीच हो तथा कक्षा 09 में प्रवेश के लिए जन्मतिथि दिनांक01.05.2009 से दिनांक 31.07.2011 के बीच हो, विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। बतादें कि अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज की विशेषतायें यथा-13.07 एकड़ पर विश्वस्तरीय विद्यालय का निर्माण हुआ हैं। सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापरक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती हैं। विज्ञान प्रयोगशाला। बच्चों के खेल-कूद के लिए सम्पूर्ण सुविधा। हरियाली से परिपूर्ण सम्पूर्ण विद्यालय कैम्पस तथा अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के लियें निःशुल्क छात्रावास एवं निःशुल्क भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध है।

## हत्या के अभियुक्त को अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**अर्थदंड न अदा करने पर 7 माह की अतिरिक्त सजा**



**कौशाम्बी।** जिले के कौशाम्बी थाना क्षेत्र में हत्या के अभियुक्त को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है,कोर्ट ने अभियुक्त पर 12 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है,अर्थदंड न अदा करने पर 7 माह की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है मामला 2018 का है। कौशाम्बी थाना पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी पुत्री को अभियुक्त द्वारा खेत की ओर ले जाकर चाकू से कई बार मार कर हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध में थाना कौशाम्बी पर मु0अ0सं0 92/18 धारा 302 भादवि व मु0अ0सं0 93/18 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त सन्तोष कुमार पाल पुत्र स्व० रामसिधार नि० जोगापुर थाना व जनपद कौशाम्बी को 05.02.2024 को न्यायालय एडीजे/ एफटीसी-1 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास तथा 12000/- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 07 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

## जिसके दिल में काला है, जिसका दिल काला है, जिसका मन काला है, जिसका विचार काला है, वह काला झंडा लेकर तो आयेगा ही : स्वामी प्रसाद मौर्य



**कौशांबी।** मंझनपुर में चतुर्थ बौद्ध सम्मेलन में सपा महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा है स्वामी प्रसाद मौर्य का काफिला ज्योंहि करन पुर चौराहे के पास पहुंचा कुछ युवकों ने काले झंडे दिखाते हुए काली स्याही गाड़ियों की तरफ उछाली है मौके पर तैनात पुलिस के जवानों ने युवकों को हिरासत में लेते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य के कारवां को आगे बढ़ाया है कारवां मंझनपुर पहुंचने पर बौद्ध धर्म अनुयायियों ने गगन भेदी नारे लगाकर स्वागत किया है मंच पर पहुंचते ही स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा जिसके दिल में काला है,जिसका दिल काला है,जिसका मन काला है,जिसका विचार काला है,वह काला झंडा लेकर तो आयेगा ही । स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा पहले लोग सत्ता पक्ष के लिए काला झंडा दिखाते थे आज सत्ता पक्ष के लोग डबल इंजन सरकार के लोग विपक्ष पर स्वामी प्रसाद मौर्य को काला झंडा दिखाते हैं इसका मतलब स्वामी प्रसाद मौर्य डबल इंजन सरकार पर भारी पड़ रहे हैं जहां भी स्वामी प्रसाद मौर्य जाते हैं ये भाजपा के लोग काला झंडा लेकर पहुंच जाते हैं,उन्होंने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य डरने वाला नहीं है काला झंडा काली स्याही से डरने वाला नहीं है यह कारवां रुकने वाला नहीं है यह कारवां डॉ अंबेडकर का कारवां है, विचारों का करवा है,सावित्रीबाई फुले का कारवां है,महात्मा बुद्ध का कारवां मान्यवर कांशीराम का कारवां है यह इंसानियत का कारवां है यह करवा रुकने वाला नहीं है इसको जितना रुकोगे उतना मजबूत होता जाएगा उन्होंने कहा साथियों कुत्ते भोंकते रहेंगे हाथी गंतव्य स्थल तक पहुंच जाएगा कुत्तों का कार्य ही भौंकना होता है। उन्होंने कहा ये लोग हजारों सालों से अनुसूचित जाति ,पिछड़ों पर पत्थर फेंकते आए हैं इस दौरान पचासों हजार लोगों ने बौद्ध धर्म अनुयायियों का तांता लगा रहा है।

## अपराधी को संरक्षण देने का थानेदार पर लगा आरोप

**पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारियों प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री राष्ट्रपति को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की**



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना और संदीपन घाट थाना क्षेत्र में गंभीर मुकदमों के अपराधी को संरक्षण देने का आरोप संदीपनघाट थानेदार पर लगा है पुलिस अधीक्षक सहित राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री पुलिस महानिदेशक अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस महा निरीक्षक क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर मोनिका देवी निवासी गौसपुर थाना संदीपन घाट ने आरोप लगाया है कि चिकवन का पूरा वा सैलबी के दो लोग इलाके में फर्जी गैंग बनाकर लोगों के विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करवाते हैं फर्जी प्रार्थना पत्र देकर लोगों को परेशान करते हैं पैसे लेकर वापस नहीं देते हैं लूट छिनैती आगजनी करना दूसरों की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करते हैं बड़े-बड़े अपराध करना इनके कारनामे में शामिल है शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में बताया कि उनके विरुद्ध थाना कोखराज में 5 वर्षों पूर्व गंभीर धाराओं में कई मुकदमा दर्ज है इसके साथ-साथ संदीपन घाट थाना में भी उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज हैं परंतु थाना अध्यक्ष संदीपनघाट की मिली भगत से इन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर गुंडा एक्ट हिस्ट्रीशीटर जैसी कार्यवाही नहीं हो रही है जिसकी वजह से इन अपराधियों के हौसले बुलंद है जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक से इन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर गुंडा एक्ट हिस्ट्रीशीटर जैसी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## रोजगार मेले का आयोजन 06 फरवरी को कृषक इण्टर कॉलेज हिनौता में

**कौशाम्बी।** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत दिनांक 06 फरवरी 2024 को कृषक इण्टर कॉलेज, हिनौता के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने देते हुए अवगत कराया कि रोजगार मेले में 10 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 1000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं आई0टी0आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकतें हैं।

## सरकार ने सभी वर्गों के हित को देखकर पेश किया बहुत अच्छा बजट : रमेश अग्रहरि



**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना की**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि बजट में सरकार ने सभी वर्गों के हित को देखकर बहुत अच्छा बजट पेश किया है इससे किसान व्यापारी आम जनता को बहुत राहत मिलेगी और उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा शिक्षा चिकित्सा पर्यटन विभाग बजट की योजना से प्रदेश में लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे इससे छोटे-बड़े सभी व्यापारी उधमियो के उद्योग व्यवसाय के लिए काफी हितकर होगा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की रमेश अग्रहरि प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सराहना की है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार को पेश किए गए बजट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया बजट आम जनता के हित में है और जनता के हित को ध्यान में रखकर सरकार ने अच्छा बजट पेश किया है इस बजट से उद्योग व्यापार रोजगार के अवसर बढेंगे लोगों को रोजगार मिलेंगा व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि इस बजट से रोजगार के अवसर बढेंगे सरकार की योजना से प्रदेश में निवेश बढ़ेगा जिससे गांव क्षेत्र की गरीबी दूर होगी योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की रमेश अग्रहरि सहित प्रवेश केसरवानी वीरेंद्र केशरी भगवान दास कौशल राजेश अग्रहरि अंशुल केसरवानी अमित सोनकर सुशील कुमार मोदनवाल अरविन्द केशरवानी प्रमोद साहू सुधीर केशरवानी सुभाष चन्द्र संतोष सोनी आदि तमाम व्यापारियों ने सराहना की है।

## मण्डलीय टीम के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन दिनांक 11 फरवरी को

**जिला स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता**

**कौशाम्बी।** रवि कुमार शर्मा क्रीड़ा अधिकारी कौशांबी ने बताया कि दिनांक 15 से 18 फरवरी 2024 तक लखनऊ में प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता एवं दिनांक 20 से 23 फरवरी, 2024 तक अयोध्या में प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल कार्यालय कौशाम्बी द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मण्डलीय टीम के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन दिनांक 11.02.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे जिला स्पोट्र्स स्टेडियम,कौशाम्बी में किया जायेगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाडी मण्डल स्तरीय चयन / ट्रायल्स में भाग लेगे। मण्डल स्तरीय ट्रायल्स दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में किया जायेगा ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाडियों की आयु जन्म तिथि 01.01.2009 या उसके बाद की हो वे पात्र होगें। इच्छुक/पात्र सबजूनियर बालक/ बालिका खिलाडी अपनी पात्रता प्रमाण-पत्र जैसे आधार कार्ड एवं नगर निगम /नगर पालिका से निर्गत जन्म तिथि प्रमाण-पत्र की मूल प्रति के साथ उसकी छाया प्रति लेकर जिला स्पोट्र्स स्टेडियम,कौशाम्बी में सम्पर्क कर सकते है।

## सर्विस लाइन डिवाइडर पर चढ़ी दूल्हा गाड़ी, मचा हड़कंप



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के अझुवा कस्बे में नगर प्रवेश करते ही गलत दिशा से आ रही दूल्हा लक्जरी गाड़ी सर्विस लाइन डिवाइडर पर चढ़ गई तेज आवाज के साथ मौके पर हड़कंप मच गया राहगीरों सहित स्थानीय निवासियों का मजमा लग गया लोगों ने गाड़ी में फंसे दूल्हे और लड़कियों को निकाला है सौभाग्य रहा किसी को चोट नही आई वहीं लक्जरी कार का आगे का हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया क्षतिग्रस्त कार को बारातियों ने किसी तरह सड़क किनारे खड़ी की है।दूल्हा बना युवक इंद्रजीत गौतम पुत्र रामगोपाल निवासी उमरा थाना खखरेरू से बारात लेकर कड़ा धाम के सातों कसार बारात लेकर जा रहा था।उसके साथ रूपा, पूनम और ड्राइवर ही था। मौके पर रहे तमाम लोगों ने बताया कि इस जगह कई बार दुर्घटना हुई हैं उसका कारण दर्जनों गांवों के लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग में कनवार मोड़ से अझुवा तक विपरीत दिशा से आना पड़ता हैं।

### टैक्टर की टक्कर से बुलेट सवार युवक घायल

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा मजरा रामपुरवा के पास रॉयल एनफील्ड बुलेट से अपने घर जाते वक्त टैक्टर ने युवक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे युवक घायल हो गया आने जाने वाले राहगीरों ने घायल युवक के परिवार को सूचना दिया युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत ननमई के लवकुश पुत्र रामशरन के दोस्त विक्रम सिंह ने एम्बुलेंस को फोन में माध्यम से अवगत कराया कि एक युवक हादसे में घायल है घायल युवक को इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जब घर वालो को सूचना मिली तो वह आनन फानन जिला अस्पताल पहुच गए हैं।

### सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय सह प्रभारी विपुल कुमार त्रिपाठी ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**सुहेल देव भारतीय समाज (एन डी ए सहयोगी) पार्टी से जुड़ सकते हैं विपुल : सूत्र**

**कौशाम्बी।** भाजपा को हर चुनाव में समर्थन देकर उत्तर प्रदेश में सहयोगी दल बनी इंडियन सवर्ण समाज पार्टी ने राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय सह प्रभारी कौशाम्बी निवासी विपुल कुमार त्रिपाठी को बीते वर्ष नियुक्त किया था,परंतु विपुल त्रिपाठी ने यह कहते हुए अब त्यागपत्र दे दिया कि सवर्णों के साथ पिछड़ों दलितों और सर्व समाज का हित भी आवश्यक है और सभी सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचना और जनता का हित जरूरी,अनेक संगठनों में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर में कार्य कर चुके हैं विपुल त्रिपाठी अब सुहेल देव भारतीय समाज(पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की और वर्तमान समय में एन डी ए की सहयोगी और उत्तर प्रदेश में चर्चित)पार्टी है उसमे जुड़ सकते,विपुल को कम उम्र में अधिक संगठनात्मक अनुभव है।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तों ने काट कर किया घायल



**भरवारी कौशाम्बी** भरवारी कस्बे के भवंस मेहता बिधाश्रम परिसर में राष्ट्रीय पक्षी मोर को दो तीन कुत्तों ने काट कर घायल कर दिया जिससे वह तड़पने लगा जब इस बात की जानकारी भवंस मेहता विधाश्रम के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव को मिली तो वह तत्काल मौके पर पहुँचे और राष्ट्रीय पक्षी मोर का उपचार कराया साथ ही राष्ट्रीय पक्षी मोर के घायल होने की सूचना बन विभाग को दिया।

### एएसपी ने जांची न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था

**पुलिस की ड्यूटी और सीसीटीवी कैमरे किए चेक**



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने सोमवार को न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था जांची,पुलिस की ड्यूटी और सीसीटीवी कैमरे चेक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने सीओ मंझनपुर अभिषेक सिंह के साथ जिला न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी कैमरे आदि चेक किये , सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जनता की शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नही : एसपी



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव रोजाना की तरह दिन सोमवार को भी लोगो की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। एसपी बृजेश श्रीवास्तव लगातार जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्या निस्तारण हेतु भरसक प्रयास कर रहे हैं। आमजन का कहना है कि एसपी बृजेश श्रीवास्तव के जनसुनवाई कार्यक्रम से हम फरियादियों को लाभ मिल रहा है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी समस्याएं बताई।पुलिस अधीक्षक ने समस्त फरियादियों की शिकायतों को बारी - बारी से गंभीरता पूर्वक सुना गया। प्राप्त शिकायतों को समय अंतर्गत गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु संबंधित कर्मचारियों को एसपी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में कोई हीलाहवाली क्षम्य नही होगी।

### व्यापारियों व आमजन से वार्ता कर सुरक्षा का एएसपी ने दिलाया भरोसा



**कौशाम्बी।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा द्वारा थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत पैदल गस्त किया गया। इस दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त किया गया तथा व्यापारियों व आमजनमामस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा लोगो से मिलकर शालीनता पूर्वक बात करते हुए कहा कि जब तक सच्चाई की परख ना हो जाए किसी प्रकार के अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने कहा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है यदि किसी के द्वारा गलत अफवाह फैलाई जाएगी तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर भी मौजूद रहें।

### मौसम ने ली करवट बूंदाबांदी के साथ पुनःलौटी ठंड

**कौशाम्बी।** रविवार की रात को अचानक मौसम ने करवट ले लिया और बूंदाबांदी के साथ पानी बरसने लगा मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई है और 65 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है पूर्वी पश्चिमी व बुंदेलखंड के हिस्सों में बारिश के आसार बताए गए है मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर सोमवार तक जारी रहेगा बिजली कड़कने के साथ तेज हवाएं चलेगी जनपद में देर शाम मौसम ने मिजाज बदला शीतलहर के ठंड के बीच झमाझम बारिश हुई रविवार की रात कई घण्टे लागतार बारिश हुई बारिश ने ठंड बढ़ाई है कई फसलों को बड़ा नुकसान हो सकता है।

### अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना मो०पुर पइंसा पुलिस उ0नि0 आदित्य कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम बाबू सोनकर पुत्र रामऔतार नि० मोंगरी कड़ा थाना मो०पुर पइंसा को 09 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय चालान किया गया। इसी तरह थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजेन्द्र कुमार पासी पुत्र मनोहर पासी नि० बरीपुर थाना सैनी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### चोरी के वांछित अभियुक्तों और बाल अपचारी पर कार्यवाही

**कौशांबी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 नीतेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 02.02.2024 को श्यामा केशव वाटिका हसनपुर में हुयी चोरी से सम्बन्धित मु0अ0सं0 36/24 धारा 379/411 भादवि के 02 वांछित अभियुक्तों गुलाब पुत्र श्याम लाल, रीशू उर्फ रिंचू पुत्र गंगा प्रसाद निवासीगण धनाजी का पुरा थाना सराय अकिल को सरैचा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अन्य 02 बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 10,000 रू0 बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों बाल अपचारी को न्यायालय भेजा गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 51 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## संपादक की कलम से

### देश का गौरव बढ़ाती खबरें

मीडिया में कई बार खबरें आती हैं, मीडिया में कई बार ऐसी खबर आती हैं, जिन्हें पढ़कर या सुनकर गौरव महसूस होता है।ऐसी ही खबर पिछले दिनों लद्दाख सीमा से आई। लद्दाख के पूर्वी इलाके के स्थानीय चरवाहों और चीनी सैनिकों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि चीनी (पीएलए) सैनिक लद्दाखी चरवाहों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भेड़ चराने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लद्दाखी उन्हें पूरी निडरता के साथ जवाब दे रहे हैं। 2020 के गलवान संघर्ष के बाद स्थानीय चरवाहों ने इस क्षेत्र में जानवरों को चराना बंद कर दिया था। वीडियो में मौके पर लगभग तीन चीनी बख्तरबंद वाहन और कई सैनिक दिखाई दे रहे हैं। वाहन अलार्म बजाते हैं, जाहिर तौर पर चरवाहों को वहां से चले जाने का संकेत देते हैं, लेकिन लद्दाखी अपनी जिद पर अड़े हैं और पीएलए सैनिकों के साथ बहस करते नजर आ रहे हैं। चरवाहों का कहना है कि वे भारतीय क्षेत्र में मवेशी चरा रहे हैं। कुछ मौकों पर जब झगड़ा बढ़ जाता है तो कुछ चरवाहे पत्थर उठाते नजर आते हैं। लेकिन वीडियो में हिंसा भड़कती नहीं दिख रही है। वीडियो में दिख रहे चीनी सैनिक हथियारबंद नहीं हैं। चरवाहों के विरोध के बाद चीनी सैनिक वापिस चले जाते हैं। चुशूल के पार्षद कोंचोक स्टैन्जिन ने स्थानीय चरवाहों द्वारा दिखाए गए प्रतिरोध की सराहना की और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय सेना की प्रशंसा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चरवाहों और खानाबदोशों को पैंगोंग के उत्तरी तट के साथ पारंपरिक चरागाहों में अपने अधिकारों का दावा करने की सुविधा प्रदान करने में भारतीय सेना द्वारा किए गए सकारात्मक प्रभाव को देखना खुशी की बात है। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसे मजबूत नागरिक-सैन्य संबंधों और सीमा क्षेत्र की आबादी के हितों की देखभाल के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देता हूं।' चुशूल पार्षद ने कहा कि भारतीय बलों के समर्थन के कारण चरवाहे अपने सैनिकों का बहादुरी से सामना कर सके। उन्होंने कहा, हइसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारी सेनाएं पीएलए के साथ चराई संबंधी मुद्दों को सुलझाने में हमेशा नागरिकों के साथ हैं, यह सब उनके समर्थन के कारण ही है कि हमारे खानाबदोश पीएलए का बहादुरी से सामना कर सके।

एक जमाना था कि चीन के कहने पर भारत सरकार अपने सैनिकों को आदेश देकर अपने कब्जे वाले क्षेत्र मे बनाए बंकर तुड़वा देती थी। सीमा क्षेत्र में यातायात और संचार के साधन चीन के दबाव के कारण पिछली सरकारों में नही बढ़ाए जा सके थे।2020 में चीन से विवाद के बाद हालात बदले हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रास्ते ही नहीं बन रहे, हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। चीन सेना के सामने भारतीय सेना सीना ताने खड़ी है।आधुनिक शस्त्र चीन की सीमा पर तैनात किए गए हैं।

पिछले दिनों कनाडा ने आरोप लगाया था कि उसके नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की भारत ने हत्या कराई। हरदीप सिंह निज्जर भारत का इनामी आंतकी था। यह विवाद चल ही रहा था कि अमेरिका भी कहने लगा कि उसके नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या कराने की कोशिश हुई है। भारत ने इन दोनों घटनाओं का खंडन किया है। अमेरिका के आरोप की जांच कराने का आदेश किया गया है। इसी बीच पाकिस्तान भी कहने लगा कि भारतीय गुप्तचर संगठन उसके यहां रहने वालों की हत्या करा रहे हैं। बताते चलें कि पिछले कुछ समय में पाकिस्तान में रह रहे भारत के कई प्रसिद्ध आतंकियों की हत्याएं हुई हैं। पाकिस्तान में रह रहे आतंकी डरे हुए हैं। वे पाकिस्तान से लगातार अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उन्हें खतरा लग रहा है कि भारत उनकी हत्या करा सकता है। भारत कहता रहा है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है किंतु दुनिया में जा रहा यह मैसेज बहुत अच्छा है कि भारत अपने दुश्मन को माफ करने वाला नहीं है। चाहे वो कहीं जाकर छिप जाए। पहले यह धारणा इस्राइल की गुप्तचर संस्था मोसाद के बारे में थी। मौसाद और इस्राइल के बारे में विख्यात था कि वह अपने दुश्मन को माफ करना नही जानता। वह कहीं भी छिप जाए उसका मरना तय है।

दुनिया में भारत के बारे में भी अब ऐसी धारणा बन रही है। ये बहुत अच्छा है। देश के दुश्मन के दिल में खौफ होना ही चाहिए।

अभी कनाडा की सुरक्षा खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट आई है।इसमें आरोप लगाया गया कि भारत उसके देश के होने वाले चुनाव में हस्तक्षेप करना चाहता है। अपनी रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा कि कनाडा में होने वाले चुनाव में भारत और चीन हस्तक्षेप कर सकता है। कनाडाई मीडिया ग्लोबल न्यूज ने अपने ब्रीफिंग रिपोर्ट में कहा- यह पहली बार है जब कनाडा ने भारत पर चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। चीन और रूस पर पहले से ही कनाडा की राजनीति में दखल देने के आरोप लग रहे थे। ये आरोप हैं। इनका लगना अच्छा है। ऐसे आरोप लगते रहने चाहिए।दुनिया और भारत के दुश्मनों के दिमाग में यह भय घुस जाना चाहिए कि भारत का दुश्मन कहीं भी हो सुरक्षित नही है। दूसरा भय दुश्मन में अंदर यह होना चाहिए की भारत अपने दुश्मन को माफ नही करता।

## वसंत की गंध

चंचल सिंह
(वरिष्ठ पत्रकार)

गांव में बसंत अब आया। जिस दिन आने की साइत थी, मौसम एन वक्त पर पलटी मार गया था। गुलाबी बयार को कुछ ज्यादा ही तर कर दिया था। आम की फुनगी पर कोहरा डाल कर कोयल को भड़का दिया, गुस्से में उसने बोलना ही बंद कर दिया। बँसवारी में घात लगाए बैठा कागा उड़ा ही नही, बस पर तौलता और फिर सिकुड़ जाता। चिखुरी अपनी रजाई समेत चौतारे पर आये थे ,लंमरदार को उकसाये भी – का हो लंमरदार ! बसन्त पंचमी ऐसय जाई ? न गाना, न बजाना, न रंग, न रास

कुच्छो नही ? लंमरदार फौजी मोजा के ऊपर पौला पहने कुछ सहज नही हो पा रहे थे पौला की रस्सी तंग रही या मोटा मोजा अंडस कर रहा – ई फागुन है ? अब आयी फागुन त देखा जाई। और दोनों बुजुर्ग लाल साहेब की चाय निहारने लगे थे।

लेकिन आज अल सुबह लंमरदार बचऊ के मशीन पर दिखे, दिखे नही आवाज से पता चल गया लंमरदार हैं, उनकी आवाज, गाने का सुर अक्खा गांव जानता है। गांव यह भी जानता है लंमदार कब और कैसा गीत गाते हैं। आज वे फगुआ के साथ रहे बोल है–ई पुरवैया जन्म के बैरी, अँचरा मोर उड़ि उड़ि जाय, लहुरा देवर वा मानत नाही, देखे ललचाय। गाते समय लंमरदार ने अँचरा को जिस तरह गाढ़ा किया, उससे लग गया किसी को छेड़ रहे हैं। कोइ बुरा भी नही मानता। ऋतुराज है भाई, छेड़ छाड़ न होगा तो का रमायन बाँचा जाएगा ? महिलाओं की टोली घास काटने निकली हैं। खुरपी खांची का, का मतलब ? उनके पास भी मन है, वइसे जैसे लंमरदार, के पास है। अगर उ उछाल मार सकता है तो मंझारी के भी तो पास मन है। मन खिलखिलाया। लंमरदार को गाली मिली। कोयल भांप गयी बोलने लगी जोर जोर से, किसी से डरती है क्या ? गंगू नकल करता है, कोयल की तरह आवाज निकालता है कोयल चिढ जाती है और जोर से बोलने लगती है। दोनों का मेल नया नही है, हर बच्चा जानता है कोयल को चिढाना। आम बौराने लगे हैं, मंजरी की मादक महक मारक होती है, कोइ नही सह सकता। योगी हो या भोगी। किसी को लपेट लेती है यह महक। इसी लिए तो इसे कामबाण कहते हैं। इसी बाण से ही तो शिव घायल हुए थे। समाधि से निकल कर भोग में तल्लीन होता है यह योगी। काम स्थापना में स्थापित करता है, योगी ही भोग का रस जानता है। योग और भोग का संधि काल है यह बसन्त आगमन। चलिये स्वागत करिये मन से। खिलने दीजिये मन को। ढांपने से और भी बेहाल होगा। पाप लगेगा। पाप के भागी मत बनो। बसन्त की पुरवाई बनो। टोह लो गंध की। बसन्त गंध से गुथा है।

# पेटीएम पर हाथ कैसे डालेगी ईडी बेचारी?





भारत में 14 साल पहले दबे पांव आयी ई–कामर्स कम्पनी पेटीएम के पांव जमाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को ही अपना ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था। आज यही कम्पनी अरबों रुपए के सन्दिग्ध लेनदेन के आरोपों से घिरी है और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस पेटीएम पेमेंट बैंक के ऊपर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए है। 29 फरवरी के बाद इस कमपनी की अनेक सेवाएं बंद कार दी जाएँगी। मनी लांड्रिंग कि आरोपों से घिरे पेटीएम पर ईडी हाथ डालने को राजी नहीं है।

पेटीएम भारत में आ तो गयी थी कांग्रेस के जमाने में ही लेकिन उसके ब्रांड एम्ब्सडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने 2016 में। मोदी जी की तस्वीरों के साथ जब इस कम्पनी के एक–एक पृष्ठ के विज्ञापन देश के हर बड़े अखबार और टीवी चैनलों पर दिखाए गए तो देश की जनता ने इस कम्पनी पर भरोसा कर इसे हाथों–हाथ लिया। लेकिन अंततोगत्वा भारतीय रिजर्व बैंक ने इस कमपनी द्वारा किये जा रहे अरबों–खरबों रुपए के संदिग्ध लेनदेन को पकड़ा तो इस कम्पनी पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कमपनी के अघोषित संरक्षक या ब्रांड एम्बेस्डर मोदी जी भी इस कार्रवाई को रोक नहीं सके। हालाँकि बाद में सरकार ने साफ किया की प्रधानमंत्री के फोटो का पेटीएम ने गलत इस्तेमाल किया और इसके लिए उसने बाद में माफी भी मांग ली थी, क्योंकि सरकार ने उसके ऊपर जुमार्ना लगा दिया था। मोदी जी के साथ पेटीएम के सीईओ विजय शर्मा की नजदीकियां जगजाहिर हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि पेटीएम ने नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए ये फैसला लिया गया है। बैंक के इस एलान के बाद से पेटीएम के शेयरों में भारी गिरावट आई। पेटीएम के शेयर 20 फीसदी तक गिर गए। पेटीएम के शेयर का दाम 609 रुपये तक पहुंच गया है, जो बीते छह सप्ताह में सबसे कम कीमत है। आपको बता दें कि पेटीएम के पास डिजिटल पेमेंट बाजार का 16–17 फीसदी हिस्सा है और जानकारों के मुताबिक करोड़ों लोग इससे प्रभावित होने जा रहे हैं।

देश में भाजपा की सरकार बनते ही पेटीएम की किस्मत अचानक जागी क्योंकि कंपनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था। उनकी तस्वीरों वाले विज्ञापन जब अखबारों और दुसरे माध्यमों में आये तो देश की जनता ने इस कम्पनी को हाथोंहाथ लेना शुरू किय। 2014 में, कंपनी ने 40 लाख से अधिक भारत की सबसे बड़ी मोबाइल भुगतान सेवा मंच 'पेटी?म वॉलेट' का शुभारंभ किया। यह सेवा उबेर, बुक माय शो और मेक माय ट्रिप जैसे इन्टरनेट कंपनियों के पार भुगतान का पसंदीदा तरीका बन गया। तीन साल बाद ही 2017 में पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (ढढइछ) नाम का नया बैंक शुरू किया। इसके अतर्गत अब सभी पेटीएम वॉलेट को पेटीएम बैंक में तब्दील कर दिया गया लेकिन इस शर्त कि साथ की सभी खता धारकों का केवायसी द्वारा सत्यापन कराया जाएगा। आज की तारीख में भारत में पेटी?म प्रीपेड मोबाइल, डीटीएच, डाटाकार्ड रिचार्ज, पोस्टपेड मोबाइल, लैंडलाइन, और डाटाकार्ड बिल भुगतान के लिए सभी राज्यों में सभी मोबाइल ऑपरेटरों के साथ काम करता है। इसने कई राष्ट्रीय बैंक के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, और नेटबैंकिंग भुगतान के साथ भागीदारी की है। पेटी?म उपयोगिता बिल भुगतान के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ काम करता है।

यदि आपकी याददास्त दुरुस्त हो तो आपको याद होगा कि भारत में नोटबंदी के बाद 'पेटीएम करो' एक बेहद आकर्षक मुहावरा बन गया था और इसका श्रेय पेटीएम कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा को जाता है। एक सुरीली आवाज में ये स्लोगन जब बजता था उसके फौरन बाद प्रधानमंत्री की तस्वीर भी स्क्रीन पर उभरती थी। कहते हैं कि विजय ऐसा नारा देना चाहते थे जो उनकी कंपनी को गूगल और जेरोक्स की तरह ब्रैंड बना सके क्योंकि सर्च इंजन या फोटोकॉपी के लिए इन कंपनियों के नाम इस्तेमाल होते हैं।

विजय शर्मा पेटीएम को ई–वॉलेट लेन–देन का पर्याय बनाना चाहते थे। लेकिन हाल में डाटा असुरक्षित होने के आरोपों के बाद कंपनी पर कई सवाल खड़े हुए हैं। हाल ही में एक मीडिया कंपनी ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया है जिसमें पेटीएम के उपाध्यक्ष और विजय शेखर शर्मा के भाई अजय शेखर शर्मा कथित तौर पर आरएसएस से नजदीकी की बात कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा देश में प्लास्टिक करेंसी को प्रोत्साहित करने कि लिए शुरू किये गए अभियान का पूरा लाभ पेटीएम को मिला। पेटीएम एप्प भी बनाया गया है जो आज के सभी स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम एंड्राइड, एप्पल, और विंडोज पर काम करता है। इसमें हम बहुत सारे कैशलेस लेनदेन कर सकते हैं। इस एप्प के माध्यम से शौपिंग, ट्रेन और हवाई जहाज के टिकट बुकिंग, मोबाइल और डिश रिचार्ज, फिल्मो का टिकट भी खरीदने की आदत लोगों को पड़ गयी है, लेकिन अब सब गफलत में पड़ता दिखाई दे रहा है।

पिछले छह सालों में पेटीएम के 12.5 करोड़ उपयोगकर्ता थे। हालांकि, इसको छोटी दुकानों और व्यापारियों के साथ जोड़ भी दिया गया लेकिन फिर भी लेनदेन की संख्या काफी कम रही। रिजर्व बैंक ने अपने बयान में कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35अ के तहत की है रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने मार्च 2022 में पेटीएम पेमेंट्स बैंक से नए कस्टमर्स जोड़ना बंद करने को कहा था।

संतोष की बात ये है कि फिलहाल, आपके पेटीएम वॉलेट और पेटीएम पेमेंट्स बैंक खाते में मौजूद पैसा सुरक्षित है। आप 29 फरवरी, 2024 तक इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। 29 फरवरी के बाद आप अपना पैसा बिना किसी शुल्क के अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकते है।

आप अपना पैसा पेटीएम मर्चेंट स्टोर्स पर खर्च कर सकते हैं जो पेटीएम क्यूआर कोड स्वीकार करते हैं। बतया गया है कि पेटीएम पूरी तरह बंद नहीं हो रहा है। यह भुगतान गेटवे के रूप में काम करना जारी रखेगा, अर्थात आप क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान कर सकते है। तथापि , आप पेटीएम वॉलेट में नया पैसा नहीं जोड़ पाएंगे और फंड ट्रांसफर जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी। सूत्रों के अनुसार पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के पास लाखों गैर–केवाईसी अनुपालन वाले खाते थे और हजारों मामलों में कई खाते खोलने के लिए एक ही पैन का उपयोग किया गया था। सूत्रों ने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं, जहां लेनदेन का कुल मूल्य करोड़ों रुपये में है, जिससे धन शोधन की चिंताएं बढ़ रही हैं।

आरबीआई और लेखा परीक्षकों दोनों द्वारा आयोजित सत्यापन प्रक्रियाओं के दौरान ये बात सामने आई है। सूत्रों ने कहा कि आरबीआई को चिंता है कि कुछ खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा सकता है। प्रवर्तन निदेशालय को सूचित करने के साथ–साथ, आरबीआई ने अपने निष्कर्ष गृह मंत्रालय और प्रधान मंत्री कार्यालय को भी भेजा है। लेकिन अभी तक ईडी का इस्तेमाल इस मामले में नहीं किया गया है क्योंकि पेटीएम कि भारतीय स्वामी विजय शर्मा आरएएस कि भरोसेमंद आदमी माने जाते है। वे न लालू प्रसाद हैं, न हेमंत सोरेन और न अरविंद केजरीवाल। चुनावी साल में विपक्ष भी पेटीएम कि इस मामले को मुद्दा नहीं बना पाया है।

पेटीएम का शेयर टाइटैनिक जैसा बन गया है और इसमें सवार मध्यप्रदेश के निवेशकों के अब तक 34 करोड़ 68 लाख रुपए डूब चुके हैं। पेटीएम के शेयरों में ये गिरावट कब थमेगी, ये दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है। पेटीएम का क्या होगा, ये तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन इसने एमपी के निवेशकों की खून–पसीने की गाढ़ी कमाई के नुकसान के साथ उनके विश्वास को हिलाकर रख दिया है।

सूत्रों के मुताबिक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में होने वाले कुल रिटेल कारोबार का 5 फीसदी मध्यप्रदेश से होता है। इस हिसाब से माना जाए तो पेटीएम की ट्रेडिंग में गुरुवार और शुक्रवार के वॉल्यूम में करीब 5 फीसदी एमपी से हुआ होगा। गुरुवार और शुक्रवार को पेटीएम में करीब 1 करोड़ शेयर्स का कारोबार हुआ। इस हिसाब से करीब 5 लाख शेयर्स मध्यप्रदेश से बेचे गए।

# मप्र के मोहन राज में धमक की जरूरत

@ राकेश अचल
achalrakesh1959 @gmail.com



मप्र में मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोहन यादव को काम करते हुए लगभग 50 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन अभी तक सूबे में उनकी सरकार की धमक सुनाई नहीं दे रही है। दो महीने का समय प्रशासनिक सर्जरी करने और जन आशीर्वाद यात्राओं में ही खर्च हुआ है। इस वजह से प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति चरमराती नजर आ रही है, साथ ही प्रदेश की जनता में नैराश्य भाव झलकने लगा है।

मध्यप्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था के साथ ही दूसरे सभी क्षेत्रों पर शिवराज सिंह चौहान की छाप है, क्योंकि उन्होंने एक लम्बे आरसे तक प्रदेश पर शासन किया। सचिवालय से लेकर जिला स्तर पर प्रशासन और पुलिस में न सिर्फ शिवराज सिंह के गण मौजूद थे बल्कि उनकी धमक भी सुनाई दे रही थी। नए मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोहन यादव को सबसे पहले इसी असर को समाप्त करना चाहिए था। उन्होंने इस दिशा में काम शुरू भी किया, लेकिन अभी उसका असर दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है। सूबे की नई सत्ता पर प्रशासन का रंग चढ़ने में काफी वक्त लग रहा है। नयी सरकार में 'नया' तलाशना कठिन हो रहा है क्योंकि अभी कोई नवाचार शुरू ही नहीं हो पाया है। पहले की ही तरह भोजन, बैठके और विश्राम की श्रंखला सामने है। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की 'वाडी लेंग्वेज' पढ़ने में अभी नौकरशाही कामयाब नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने शीर्ष स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी कर ली है किन्तु उसका फौरी असर दिखना अभी बाकी है। प्रशासन में तब्दीली का अहसास करने के लिए सन्देश सचिवालय से सड़क तक पहुंचना आवश्यक है।

हकीकत ये है कि बीते 18 साल में मध्यप्रदेश के चप्पे–चप्पे पर मामा शिवराज सिंह की छाप गहरा गयी थी। इस छाप से प्रदेश को मुक्त करना आसान काम नहीं है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के समाने सबसे बड़ी चुनौती इसी छाप से मुक्ति की है। इसके लिए संभागवार या क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाकर कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस समय प्रदेश की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है ऐसे में सरकार पर अपनी छाप बनाना भी आसान काम नहीं है। स्थानीय निकायों की हालत गौर करने लायक है। एक तरह से इन संस्थाओं के पास वेतन देने का भी पैसा नहीं है ऐसे में नागरिक सुवधाओं की बहाली करना आसान नहीं है जबकि सरकार की छवि इन्हीं संस्थाओं के कामकाज पर निर्भर करती है। मुमकिन है की सरकार इस दिशा में कुछ सोच रही हो।

मध्यप्रदेश की नयी सरकार के सामने नयी चुनौतियों के साथ ही मंत्रियों का फौज–फांटा भी नया है। उसे सक्रिय करना आसान काम नहीं है। ऊपर से नए–पुराने छत्रपों को साधते हुए सरकार को लोकसभा चुनावों की तैयारी भी करना है। ये तय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को लोकसभा चुनाव में प्रदेश के अलावा प्रदेश के बाहर भी इस्तेमाल किया जाएगा, ऐसे में उन्हें अभी से अपना 'सेकेण्ड हैण्ड' बनाकर तैयार कर लेना चाहिए जो उनके इशारों को समझे और उनकी व्यवस्तता के बीच उनकी योजनानुसार सत्ता की मशीनरी को गतिशील बनाये रखे। इस काम में शिथिलता दिक्क्तें पैदा कर सकती है।

अभी तक प्रदेश की नौकरशाही और पुलिस 'फुल फार्म' में काम करती नजर नहीं आ रही है। कहीं न कहीं कोई न कोई असमंजस है। इस असमंजस से उबरे बिना काम नहीं चलने वाल। नयी सरकार को पुरानी सरकार की तरह विज्ञापनबाजी से झांकी बनाने की गलती करने के बजाय जमीनी कामों पर ध्यान देना चाहिए। विज्ञापनों से अखबार के मालिकों का पेट भरता है जनता का मन नही। जनता का मन भरने के लिए वास्तविक कामों की आवश्यकता है। ये मुख्यमंत्री जी को तय करना होगा कि वे मामा मुख्यमंत्री की तरह लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं या मप्र के लौहपुरुष बनकर। उनके सामने दोनों विकल्प हैं, चुनाव उन्हें खुद करना है।

मप्र के अनेक हिस्सों में पिछले दिनों जिस तरह से महिलाओं के साथ अपराधों की बढ़ आयी है, नैराश्य के कारण सामूहिक आत्महत्याओं की दुखदायी घटनाएं हुईं हैं उन्हें देखते हुए प्रदेश के दो बड़े शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली सवालों के घेरे में आयी है। ग्वालियर जिले में तो सामूहिक बलात्कार और सामूहिक आत्महत्या की घटनाओं से जनाक्रोश बढ़ा दिया है। इन घटनाओं की पुनरावृत्ति लगातार हो रही है। अशोकनगर में भी सामूहिक आत्महत्या की हृदयविदारक घटना सामने आयी है। इससे जन विश्वास हिल रहा है। नयी सरकार को इन सबके बारे में गंभीता से सोचना होगा।

कोई माने या न माने किन्तु हकीकत ये है कि बीते 50 दिन में जनता में ये धारणा बनी है कि प्रदेश की सरकार केंद्रीय रिमोट से चल रही है, जबकि शायद इसमें सत्यता नहीं है। चूंकि सरकार की धमक सुनाई नहीं दे रही है शायद इसीलिए इस तरह की धारणाएं जन्म ले रहीं हैं। इन धारणाओं से मुक्ति के लिए सरकार के सामने दो ही विकल्प हैं, पहला ये कि वो पुरानी सरकार की लोकप्रियता से आगे जाने के लिए कोई अल्पकालिक लोकोपयोगी करतब कर दिखाए और दूसरा इस तरह कि कार्यशैली विकसित करे जो पुरानी सरकार कि कार्यशैली से सर्वथा भिन्न और चमकदार हो। मुख्यमंत्री को नौकरशाही को भी अभयदान देकर काम करने की आजादी देना होगी।

# बड़ी सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।

यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैऋषि–मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है।

# लोस चुनाव की तैयारी को मुस्तैद जिला प्रशासन

## डीएम-एसपी ने चुनाव कराने को कसी कमर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ हुई बैठक में जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की हैंडबुक कॉपी व्हाट्सअप ग्रुप में है, उसे डाउनलोड कर ढंग से पढ लें। अपनी सेवा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य करने जा रहे हैं, जो कार्य अपने सेक्टर में करेंगे, उसी अनुसार उच्चाधिकारी आख्या लेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट के



चुनावी बैठक में बोलते डीएम-एसपी।

साथ पुलिस अधिकारी प्रत्येक बूथ व मजरे में व्यवस्था देखकर चेक लिस्ट पर रिपोर्ट भेजें। अगली बैठक में बुकलेट के अध्ययन के बारे में जानकारी की जाएगी। जहां मतदाता भयभीत हों, अवैध शराब, भूमि विवाद, शस्त्रों की तादाद, गत चुनाव में कोई घटना, अधिक मतदान, कम मतदान, रिपोल हिंसा आदि बूथ पर कमियां हो, उस बाबत जानकारी पेश करें, ताकि संबंधित अधिकारियों से समय रहते व्यवस्था कराई जा सके। उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की बैठक कर लें। अपने-अपने सेक्टर पर भ्रमण कर सभी बिंदुओं की सूचना सही ढंग से की जाये। सभी उप जिलाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारी गंभीरता से ज्वलंत व क्रिटिकल मतदान केंद्रों का चिन्हीकरण करें।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी थानों में विभिन्न धाराओं में निरूद्ध लोगों बाबत रजिस्टरों का अवलोकन करें, ताकि संबंधित मतदान केंद्रों में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों की जानकारी हो सके। सूचना संकलन का कार्य करना है। भारत निर्वाचन आयोग से दिशा-निर्देश अनुसार रिपोर्ट दें। सभी पुलिस अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदान केंद्रों का भ्रमण करें। एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि चुनाव को देखते हुए पूर्व में भी अपर उप जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण दिया है। निर्वाचन तैयारी बाबत जानकारी दी जा रही है। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सभी एसडीएम व सीओ मौजूद रहे।

# अन्ना गौवंशः योगी को आये दिन विधानसभा में घेरते हैं अखिलेश

## सांसद पटेल को भी सीडीओ ने नहीं दिया संतोषजनक जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अन्ना जानवरों को लेकर विधानसभा में घेरने के सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कई बार प्रयास किये। आये दिन ट्वीटर में सपा मुखिया अन्ना जानवरों की कोई न कोई फोटो डालकर मुख्यमंत्री को घेरते रहते हैं। फिर भी जिले के अधिकारी अन्ना जानवरों व गौवंशों की सुरक्षा को लेकर नहीं चेत रहे।

ये खुलासा सोमवार को हुआ है। बताया गया कि प्रदेश में सबसे ज्यादा गौशाला जिले में हैं। यहां तकरीबन तीन हजार से ज्यादा गौवंश गौशालाओं में संरक्षित हैं। फिर भी अधिकारी गौवंशों के संरक्षण-संवर्धन को तकरीबन पांच करोड रुपये बैंक में हैं, लेकिन अधिकारी गौवंशों के रख-रखाव को प्रधानों को धनराशि नहीं जारी



सांसद आरके सिंह पटेल।

कर रही। जो धनराशि प्रधानों को दी है, उसमें अगस्त की धनराशि नहीं दी है। सितम्बर-अक्टूबर की धनराशि अधिकारी दे रहे हैं। अगस्त की धनराशि देने में आनाकानी कर रहे हैं। क्या वजह है कि गौवंश संरक्षण की अगस्त की धनराशि अधिकारी नहीं दे रहे।

इसे लेकर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में प्रधानों ने तीन फरवरी को सांसद आरके सिंह पटेल से भेंट की। सांसद पटेल ने इस बाबत सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर से फोन पर वार्ता की। उनसे कहा कि प्रधानों को गौवंश संरक्षण की अगस्त की धनराशि क्यों नहीं दे रहे। इस बाबत सांसद व सीडीओ की तल्ख लहजे में भी वार्ता हुई, नतीजा सिफर निकला।

ऐसे में योगी सरकार को सपा मुखिया अखिलेश यादव आये दिन विधानसभा में घेरने का प्रयास कर रहे हैं। ये सब अधिकारियों के तानाशाही रवैये से हो रहा है। योगी को विधानसभा में घेरने के पीछे कहीं अधिकारियों का भ्रष्टाचार तो नहीं है? आखिर अधिकारी प्रधानों को गौवंश संरक्षण की अगस्त की धनराशि क्यों नहीं जारी कर रहे। इसके पीछे क्या कारण हैं? सांसद पटेल के भी कहने पर सीडीओ ने उन्हें संतोषजनक जवाब क्यों नहीं दिया?



पुलिस गिरफ्त में गैंगेस्टर वांछित।

## संयुक्त टीम ने गैंगेस्टर में वांछित को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में थाना पहाड़ी व रैपुरा की संयुक्त टीम ने रैपुरा में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के वांछित शशिकांत प्रसाद पुत्र जितेंद्र प्रसाद उर्फ जमुना प्रसाद निवासी जोगिया टोला दिनारा थाना दिनारा जिला रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अरविंद कुमार सिंह, दरोगा खलील अहमद व सिपाही जयप्रकाश शामिल रहे।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग पर रसिन मोड़ में हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई। परिजनों ने जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया है। ये हादसा रसिन मोड के पास रविवार की रात 11 बजे हुआ। बताया गया कि प्रदीप पुत्र राम किशोर निवासी तुर्रा का कर्वी से तुर्रा जा रहा था। रसिन मोड़ के पास ट्रक चालक ने रामकिशोर की बाइक पर ठोकर मार दी। इससे रामकिशोर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। भरतकूप थाना पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर घायल रामकिशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज दौरान रामकिशोर की मृत्यु होने पर परिजनों ने घटना क्रम शिवरामपुर चैकी बताते हुए पुलिस व अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया।

## दो वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दो वारंटी दबोचे हैं। सोमवार को राजापुर थाने के दरोगा सुरेन्द्र कुमार ने सिपाही विक्रम बुद्धसेन, मोनू के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी लालबाबू पुत्र बाबूलाल निवासी चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने सिपाही मनोज कुमार के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी रोशन सोनकर पुत्र बंजारा सोनकर निवासी हनुमानगंज को गिरफ्तार किया।

## दो महिलाओं समेत तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी जिला अस्पताल राहुल सिंह की टीम ने आबकारी अधिनियम के वारंटी बेनी प्रसाद वर्मा पुत्र मूलचन्द्र वर्मा निवासी चिकवन मोहल्ला लक्ष्मणपुरी व विद्युत अधिनियम के वारंटी मुरैली देवी पत्नी दशरथ निवासी शत्रुघ्नपुरी, विद्युत अधिनियम के वारंटी कुसुम देवी पत्नी कालका प्रसाद चिकवा गली लक्ष्मणपुरी को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी जिला अस्पताल राहुल सिंह, जयनारायण पटेरिया, बहोरन सिंह, महिला सिपाही आरती मिश्रा, पीआरडी दीपा शामिल रहे।

# कार्यालय भवनों भूमि बाबत डीएम ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना बाबत मामलों एवं विभिन्न शासकीय कार्यालय एवं भवनों को भूमि उपलब्धता बाबत बैठक में उपजिलाधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना में जो मामले लंबित हैं, जल्द निस्तारित करें। जो कमियां हैं, उन्हें देखें। सीएमओ से कहा कि डॉक्टरों को निर्देश दें कि किसी हादसे में किसी की मृत्यु होने पर पीएम रिपोर्ट स्पष्ट दी जाये।

सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पर्यटन



समीक्षा करते जिलाधिकारी।

विकास, यूपी नेडा, कल्याण मंडप, न्यायिक भवन पर्यटक, पुलिस थाना, सीओ राजापुर कार्यालय, चित्रकूट रोपवे के पास वाहन पार्किंग डिफरेंट कॉरिडोर के तहत पेयजल योजना को नवीन डिजिटल पुस्तकालय मॉडल कंपोजिट विद्यालय, कर्वी व राजापुर में पुनर्गठन पेयजल योजना को स्थापना, परिवहन विभाग, नवीन राजकीय महाविद्यालय केंद्रीय भंडारण निगम, बारात घर, नवीन थाना सीतापुर-गनींवा, नवीन राजकीय हाईस्कूल भवन, ट्रामा सेंटर, आरआरसी सेंटर, गौशाला, आंगनबाड़ी केंद्र आदि निर्माण को भूमि उपलब्धता बाबत समीक्षा की। सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी से तालमेल कर भूमि निस्तारित करायें, ताकि शासकीय कार्यालय एवं भवनों का निर्माण समय से हो सके।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर बंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह व सभी बीडीओ मौजूद रहे।

# शहर में महिला ने तमंचे से गोली मार की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक महिला ने घर में किसी के न होने से तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। महिला मानसिक रूप से परेशान थी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

गोली मारकर महिला के आत्महत्या का ये मामला कोतवाली कर्वी के शंकर बाजार का है। बताया गया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे गुड़िया देवी के पति का कई साल पहले देहांत हो चुका है। उसके दो बेटे अमन तिवारी व हर्ष तिवारी हैं। दोनों मेहनत मजदूरी कर घर का भरण-पोषण करते हैं। कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडे ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। मूल रूप से ऐंचवारा की थी। यहां मकान खरीदकर पांच साल से रह रही थी। गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। नाजायज 315 बोर तमंचा पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

# आठ देशी बम समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अंशुल कुमार ने नालबन्द जुआ खिलवाने वाले रामभवन उर्फ भुवन पुत्र सुखराज यादव निवासी भुईहरी को आठ देशी बम समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अंशुल कुमार व सिपाही आकाश सेन शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में बमबाज।

# श्री रामरत्नेश्वर शिवालय में द्वितीय वार्षिक पाटोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की कर्मस्थली जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मन्दिर बड़ी गुफा में माघ वदी दशमी को श्री रामरत्नेश्वर महादेव का द्वितीय वार्षिक पाटोत्सव मनाया गया।

सोमवार को ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन व श्रीमती उषा जैन ने प्रातःकालीन गौरी-विनायक का पूजन किया। विधिविधान से शिव रुद्राभिषेक कर पूजन हुआ। रुद्रयज्ञ में पधारे गुरुभाई बहनों, विद्यार्थियो, प्राचार्य, आचार्यों एवं



पूजन करते ट्रस्टी।

सदगुरु परिवार के सदस्यों ने आहुति दी। पूणार्हुति में चित्रकूट के साधु-संत शामिल हुए। महाभोग अन्नकूट के बाद भगवान की आरती हुई। सभी अभ्यागत, साधु, संत एवं अतिथियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आचार्य अनिल त्रिपाठी ने वेदोक्त विधान से पाटोत्सव कराया।

# बोर्ड परीक्षाओं को प्रशासन ने कसी कमर

## 22 फरवरी से नौ मार्च तक होंगी बोर्ड परीक्षायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को जिले में शांतिपूर्ण ढंग से नकलविहीन कराने बाबत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षायें होंगी। पहली पाली में सवेरे आठ बजे से 11.45 बजे तक, दूसरी पाली में अपरान्ह दो बजे से सवा पांच बजे तक होंगी। कुल 42 परीक्षा केंद्र हैं। हाईस्कूल में 14177 परीक्षार्थी व इंटरमीडिएट में 99048 परीक्षार्थी शामिल होंगे। चार सचल दल गठित हैं। केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर-जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाये गये हैं। जिले में कंट्रोल रूम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाया है। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा होंगी। पिछले वर्ष बिना किसी घटना के परीक्षा हुई है। उन्होंने एसडीएम व सीओ से कहा कि आपकी भूमिका अहम है। बिना किसी घटना के परीक्षा संपन्न कराना है। छोटी सी चूक बड़ा रूप लेती है। पूरे प्रदेश में चर्चित हो जाती है। किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सचेत रहकर ड्यूटी करें। बोर्ड के निदेर्शानुसार परीक्षा संपन्न कराना सबका दायित्व है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा एसडीएम से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे। डीवीआर सही ढंग से चले, विशेष ध्यान रखें। शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्रीवॉल बैठने की व्यवस्था, टोल फ्री नंबर का प्रचार-प्रसार करायें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। कहीं कोई समस्या नहीं होगी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से होंगी। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल वैन में अधिक छात्रों को ले जाने पर किया चालान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह व निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने स्कूल वैन में अधिक छात्रों को ले जाने पर वैन का चालान किया। बच्चों को दो बार में भेजा गया। इस दौरान छात्रों को पुलिस ने पढ़ाया।

सोमवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह व अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव ने पुलिस बल के साथ वाहन जांच दौरान सैम मॉडल स्कूल मानिकपुर के बच्चों को प्राइवेट स्कूल वाहन



बच्चों को पढाती पुलिस।

में अधिक बच्चों को घरों तक पहुंचाने को ले जाया जा रहा था। जांच दौरान वाहन से बच्चों को उतरवा कर वाहन का चालान किया। बच्चों को दो बार में वाहन से ले जाने को भेजा। वाहन से उतारे बच्चों को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बैठाकर पुलिस ने उनके विषय बाबत जानकारी दी।

# मेहुती टीम ने चूंद टीम को 2-1 से हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट ने श्री सद्गुरु मित्र मंडल ने अंतराजीर्य बालीबाल प्रतियोगिता विद्याधाम स्कूल खेल परिसर में हुआ। उप्र व मप्र समेत 20 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन ट्रस्टी डॉ बीके जैन, शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन के साथ डा विनोद कुमार सिंह ग्रामोदय विश्वविद्यालय मौजूद रहे।

सोमवार को पूज्य गुरुदेव के चित्र पर दीप जलाकर बालीबाल खेल का शुभारंभ हुआ। बालीबाल प्रतियोगिता में हिरौंदी, तेजीपुर कर्वी, सीतापुर, एसपीएस, बड़ागांव बांदा, मझगवां, मेहुती, सरधुवा, चूंद जैतवारा, चैबेपुर, बिसंडा, मंडौर, शारदा क्लब मैहर, सदगुरू बालीबाल क्लब समेत टीमें रही। सेमीफाइनल का मुकबला चूंद व मैहर तथा मेहुती व हिरौंदी के बीच हुआ। चूंद टीम ने मैहर टीम को हराकर फाइनल में पहुंची। मेहुती टीम ने हिरौंदी टीम को हराकर फाइनल में स्थान बनाया। चूंद व मेहुती टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। मेहुती टीम ने चूंद टीम को 2-1 से हराकर फाइनल मैच जीत लिया।

समापन व पुरस्कार वितरण पर श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डॉ बीके जैन ने कहा कि खेल व्यक्ति का सर्वज्ञ विकास करता है। शिक्षा समिति अध्यक्ष उषा बी जैन ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल एकता, सद्भाव व मैत्री को बढ़ाता है। विजेता टीम मेहुती व उपविजेता टीम चूंद को बधाई दी। खेल में हिस्सा लेने वाली टीमों की सराहना की। हार-जीत तो खेल का हिस्सा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा। विशिष्ट अतिथि के बतौर सतना जिले के युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी सुरेश तिवारी ने टीमों के खेल की सराहना की। बालीबाल प्रतियोगिता का प्रबंधन आरबी सिंह चैहान, राजेंद्र मिश्रा, देवेंद्र सिंह सचान, प्राचार्य शंकर दयाल पांडेय, राकेश कुमार तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, फिरोज हसन खान ने किया। निर्णायक मंडल में धर्मपाल सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, पवन कुमार, सुदामा गुप्ता, डा तुषारकांत शास्त्री, धीरेंद्र वर्मा, राजकुमार निषाद, रामगोपाल विश्वकर्मा, प्रमोद मरावी शामिल रहे।

## नत्थी सोनकर आदि पर दर्ज हुआ मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के राष्ट्रीय रामायण मेला के सामने के रामेश्वर प्रसाद शुक्ला पुत्र मार्कण्डे प्रसाद की तहरीर पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने मामला न दर्जकर बलबा, मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओं में पांच नामजद व दस-12 अज्ञात लोगों पर दर्ज किया है। इसे लेकर रामेश्वर प्रसाद शुक्ला ने रोष जताया है। सोमवार को सीतापुर पुलिस चैकी के रामायण मेला के सामने रहने वाले रामेश्वर प्रसाद शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसकी भूमिधरी के आंशिक भाग पर हनुमान मन्दिर है। दो फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे मन्दिर में गेट लगाने दौरान वहां के रहने वाले नत्थी सोनकर, लवलेश खद्दू उर्फ ओमप्रकाश, बच्ची, अंचू पुत्र मइयादीन, बीरु पुत्र अंचू, दो अज्ञात ने गाली-गलौज कर मारपीट कर उसके गले से डेढ तोले सोने की चैन व मोबाइल फोन तथा जेब से 26 सौ रुपये जबरन निकाल लिये हैं। मारपीट दौरान पूरे शरीर में चोटें आई हैं। पीडित के पुत्र सागर शुक्ला व स्वरुपानन्द शर्मा आदि ने बीच-बचाव किया। सभी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीडित ने कहा कि जोर-जबरदस्ती व गुंडई पर उसकी जमीन पर आरोपी कब्जा किये हैं। सीतापुर पुलिस के दरोगा ने सादे कागज में हस्ताक्षर लेकर उसे भगा दिया है। उसकी उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जाये। इधर, कोतवाली कर्वी पुलिस ने इस मामले को बलबा, मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओं में दर्ज किया है, जबकि एलआईयू के सीओ ने डीएम व एसपी को नत्थी सोनकर बाबत भेजी आख्या में कहा है कि समाज विरोधी गतिविधियों में सक्रिय है। इसका बाहर रहना उचित नहीं है। इसके बाद भी पुलिस उस पर मेहरबानी बरत रही है।

# सीआईसी में बोर्ड तर्ज पर वार्षिक परीक्षायें शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूपी बोर्ड की तर्ज पर चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में वार्षिक परीक्षायें शुरू हो गई हैं।

सोमवार को प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने परीक्षाओं का मुआयना कर छात्र- छात्राओं से कहा कि उत्तर पुस्तिका में जो सही लिखेगा, वही पास होगा।

अगले साल वही छात्र यहां पढेगा। पढ़ाई में लापरवाही नहीं चलेगी। बढ़ती छात्र संख्या पर कहा कि सरकार की नीति अनुपालन में यहां कक्षा 6 से 12 तक सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं का प्रवेश होता है, ताकि शिक्षा से कोई वंचित न रहे। इस वर्ष कालेज की पांच हजार छात्र संख्या है। कालेज में सबसे कम फीस लगती है। कक्षा 6 से 8



परीक्षा का मुआयना करते प्रधानाचार्य।

तक पूरी फीस माफ है। सरकार से पढ़ाई-लिखाई को कापी, किताब, बस्ता, जूता, मोजा, मिड-डे-मील से भोजन आदि सब मिलता है। कक्षा 9 से 12 तक छात्र-छात्राओं को सरकार से छात्रवृत्ति मिलती है। तमाम छात्र-छात्रायें पढ़ाई में लापरवाही कर रहे हैं, भविष्य के लिए चिंताजनक है। शिक्षा ही वह कुंजी है, जिसे युवा पीढ़ी भविष्य को संवार कर लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। परीक्षा सफल आयोजन में मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ रमेश कुमार सिंह चंदेल, परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, विवेक तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, शंकर यादव, रामबचन सिंह आदि शिक्षकों का योगदान है।

# ऋषि सुनक ने माना, इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के वादे में विफल



**लंदन।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को माना कि वह इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के अपने वादे में विफल रहे। टॉकटीवी के साथ साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद इस संबंध में की गई प्रतिज्ञा पूरी करने में अपनी विफलता स्वीकार की।

द गार्डियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इस साक्षात्कार को सोमवार को पियर्स मॉर्गन अनसेंसर्ड यूट्यूब चैनल पर दोपहर 2 बजे और टॉकटीवी पर रात आठ बजे प्रसारित किया जाएगा। सुनक ने साक्षात्कार में कहा कि इस दिशा में "हमने पर्याप्त प्रगति नहीं की।"

यह पूछे जाने पर कि क्या इसका मतलब यह है कि वह विफल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने जवाब दियाः "हां, हम विफल हो गए हैं।"

इस संबंध में शैडो हीथ सेक्रेटरी लेबर के वेस स्ट्रीटिंग ने कहा, "ऋषि सुनक ने आखिरकार वह स्वीकार कर लिया जो वर्षों से बाकी सब स्वीकार करने में हिचकते रहे हैं।" अखबार की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल अक्टूबर में यह खुलासा हुआ था कि इंग्लैंड में एनएचएस उपचार के लिए 18 महीने से अधिक समय तक इंतजार करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

स्वास्थ्य सेवाओं से संबद्ध नेताओं ने दिसंबर में सुनक को चेतावनी दी थी कि औद्योगिक विवाद को जारी रखने से उनकी प्रतिज्ञा को पूरा करना लगभग असंभव हो जाएगा। फिर भी, सुनक ने अपनी विफलता के लिए हड़ताली कर्मचारियों को दोषी ठहराने की कोशिश की।

साक्षात्कारकर्ता पियर्स मॉर्गन ने सुनक को तीन महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी 79 वर्षीय मां के एनएचएस देखभाल के अनुभव के बारे में बताया। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने के बावजूद उनकी मां को लगभग सात घंटे तक एएंडई कॉरिडोर में एक ट्रॉली पर इंतजार करना पड़ा। इस पर सुनक ने कहा कि यह "चौंकाने वाला" था।

# म्यांमार से दागे गए मोर्टार के गोले बांग्लादेश में गिरे, दो की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश के बंदरबन में घुमदम सीमा पर म्यांमार से कथित रूप से दागे गए मोर्टार के गोलों से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। यह गोले सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे नाइखोंगचारी उपजिला में एक निमार्णाधीन घर पर गिरे।

नाइखोंगचारी पुलिस स्टेशन प्रभारी (ओसी) अब्दुल मन्नान ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। घटना के तुरंत बाद रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के सदस्यों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। मृतकों की पहचान होसनेरा बेगम (50) और एक रोहिंग्या मजदूर के रूप में हुई है। यह मजदूर इस निमार्णाधीन घर पर काम कर रहे थे। दोनों शव कॉक्स बाजार सदर अस्पताल भेजे गए हैं।

## पाकिस्तान में थाना पर आतंकी हमला, 10 पुलिसकर्मी मारे गए




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक थाने पर आज (सोमवार) तड़के करीब तीन बजे हुए आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मी मारे गए। यह आतंकी हमला डेरा इस्माइल खान जिले के तहसील दरबान के चोडवान पुलिस स्टेशन पर हुआ। इस हमले में छह अन्य घायल हो गए।

डॉन समाचार पत्र और जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले हुई इस वारदात की प्रांत सरकार ने कड़ी निंदा की है। क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) नासिर महमूद ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। इस हमले ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सुरक्षा चिंता बढ़ा दी है।

कार्यवाहक मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरशद हुसैन शाह ने हमले की निंदा की है। उन्होंने शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। शाह ने कहा है कि सरकार शोक संतप्त लोगों की "हर संभव तरीके से" मदद करेगी।

पुलिस ने कहा है कि आतंकवादियों ने तड़के तीन बजे पुलिस थाने पर घातक हथियारों से हमला कर दिया। घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आतंकियों ने पुलिस स्टेशन को चारों तरफ से घेरकर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। शहीद पुलिसकर्मियों का अंतिम संस्कार पुलिस लाइन में किया जाएगा।

## यूक्रेन ने रूस अधिकृत लिसिचांस्क क्षेत्र को बनाया निशाना, नौ महिला सहित 28 की मौत




**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले अपने देश के शहर लिसिचांस्क स्थित एक बेकरी और रेस्त्रां में गोलाबारी की है जिसमें 28 लोग मारे गए। मरने वालों में नौ महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। चार अन्य लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय नेता लियोनिद पासेचनिक ने कहा कि हमले के वक्त बेकरी में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवा द्वारा 10 अन्य लोगों को मलबे से बचाया गया और अन्य की खोज की जा रही है। हालांकि, इस घटना को लेकर यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रूस के विदेश मंत्रालय ने इस हमले की निंदा की है। साथ ही कहा है कि पश्चिम को यह सोचना चाहिए कि वह आम नागरिकों को मारने में यूक्रेन की मदद क्यों कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हमले में विदेशी हथियार का प्रयोग किया गया है।

वहीं, यूक्रेन के सुमी क्षेत्र के सैन्य प्रशासन ने रविवार को कहा कि रूसी सेना ने एक दिन पहले 16 अलग-अलग हमलों में इस क्षेत्र पर गोलाबारी की थी। हमले में युनाकिव्का, बिलोपिलिया, क्रास्नोपिलिया, वेलिका पायसारिव्का और एस्मान के सीमावर्ती इलाके शामिल थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेतन्याहू की हमास को चेतावनी, बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर हर शर्त नहीं मानेगा इजराइल



**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा है कि बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर इजराइल हर शर्त नहीं मानेगा। नेतन्याहू ने कहा कि हमास इजराइली बंधकों की रिहाई के मसले पर दबाव बनाने की नीति पर चल रहा है। इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले किए हैं। एक अन्य मामले में जर्मनी में इजराइल हमास युद्ध विवाद को लेकर यहूदी छात्र पर हमला किया गया है।

हमास रिहाई के बदले में गाजा में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए वहां स्थायी युद्धविराम चाहता है। इजराइल की जेलों में जघन्य अपराधों में बंद हजारों आतंकियों-अपराधियों को छुड़वाना चाहता है, इसलिए इजराइल आतंकी संगठन की हर बात नहीं मानेगा। नेतन्याहू ने यह बात 130 इजराइली बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ चल रही वार्ता पर कही है। इन लोगों को सात अक्टूबर को इजराइली शहरों के अगवा कर हमास ने बंधक बना रखा है।

इस बीच इजराइली सेना ने लेबनान के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में हुए जान-माल के नुकसान की जानकारी अभी नहीं मिली है। सीमा पर दोनों ओर से गोलाबारी भी जारी है। इससे पहले हिजबुल्ला ने इजराइल के सीमावर्ती इलाकों में राकेटों से हमले किए। इन हमलों में किसी के मारे जाने की सूचना नहीं है।

गाजा में चल रहे इजराइल-हमास युद्ध से उपजे वैमनस्य का असर विश्व के बड़े हिस्से में दिखाई दे रहा है। जर्मनी में फलस्तीन मुद्दे पर बहस के दौरान एक 23 वर्षीय विश्वविद्यालय छात्र ने अपने सहपाठी 30 वर्षीय यहूदी छात्र को पीट-पीटकर घायल कर दिया। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# टोक्यो और आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी का पूवार्नुमान, 89 फ्लाइट रद्द



**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो और आसपास के इलाकों में सोमवार और मंगलवार को भारी बर्फबारी हो सकती है। इस वजह से परिवहन नेटवर्क पर प्रभाव की चेतावनी जारी की गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी और भूमि, बुनियादी ढांचा, परिवहन व पर्यटन मंत्रालय ने लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। चेतावनी में कहा गया है कि बर्फबारी के कारण शाम और सुबह कामकाजी लोगों और स्कूल बच्चों को गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हो सकती है।

जापान एयरलाइंस ने सोमवार को हानेडा हवाईअड्डे से आने-जाने वाली 55 उड़ानें और ऑल निप्पॉन एयरवेज ने 34 उड़ानें रद्द कर दीं। ट्रेनों को भी रद्द किया जा सकता है। मेट्रोपॉलिटन एक्सप्रेस-वे (शूटो एक्सप्रेस-वे) और ईस्ट निप्पॉन एक्सप्रेस-वे (नेक्सको ईस्ट) की सड़कें भी बंद होने की उम्मीद है। नेक्सको ईस्ट ने कहा कि टोक्यो महानगरीय क्षेत्र सहित कांटो क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर सभी वाहनों को स्नो टायर का उपयोग करना चाहिए। एहतियात के तौर पर एक्सप्रेस-वे के कुछ हिस्सों को सोमवार दोपहर से बंद कर दिया जाएगा।

इसी तरह पूर्वी जापान रेलवे ने चुओ लाइन पर कुछ सेवाएं निलंबित कर दी हैं।

मंगलवार तक कांटो-कोशिन क्षेत्र के साथ-साथ शिजुओका और गिफू प्रान्त के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी की उम्मीद जताई गई है। टोक्यो के केंद्रीय वार्डों सहित कांटो के कुछ निचले इलाकों में बर्फ जमा होने की आशंका है। गिफू प्रान्त के क्षेत्रों और उत्तरी कांटो-कोशिन क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में मंगलवार दोपहर तक 40 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हो सकती है। फुकुशिमा प्रान्त, सैतामा प्रान्त में चिचिबू, टोक्यो के तामा क्षेत्र और कानागावा प्रान्त के हाकोन में 30 सेंटीमीटर तक बर्फ गिर सकती है। टोक्यो महानगरीय क्षेत्र में आठ सेंटीमीटर बारिश होने का अनुमान है। टोक्यो के 23 वार्डों के लगभग सभी क्षेत्रों में सोमवार रात तक बर्फ की मोटी परत दिखने की उम्मीद है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रां ने साझा किया भारत दौरे का वीडियो, कहा, बदलती दुनिया में अग्रिम पंक्ति में रहने वाला है भारत

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने रविवार को भारत दौरे का एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में मैक्रां के हालिया भारत दौरे की झलकियां दिखाई गई हैं। मैक्रां ने कहा कि फ्रांस भारत में अधिक से अधिक निवेश करना चाहता है।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रां ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा कि बदलती दुनिया में भारत अग्रिम पंक्ति में रहने वाला है। मैक्रां गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर भारत आए थे। राष्ट्रपति मैक्रां ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, भारत लोकतांत्रिक, जनसांख्यिकी, आर्थिक और तकनीकी शक्ति है।

भारत दुनिया के परिवर्तन में अग्रणी पंक्ति में रहने वाला है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, भारत की असाधारण यात्रा पर एक नजर। मैक्रां ने कहा, हम इस तरह के महत्वपूर्ण दिन (नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह) का हिस्सा बनने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे थे। यह हमेशा हमारी यादों में रहेगा।

दोनों देशों के बीच संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। दोनों देश मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं।

वीडियो में उन्होंने कहा, बीते कुछ वर्षों के दौरान हमने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारियों को बढ़ाया है। हम निश्चित रूप से भारत में अधिक से अधिक निवेश करना चाहते हैं। भले ही हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। अब तक सबकुछ अच्छा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह चाहते हैं कि 2030 तक फ्रांस में तीस हजार छात्र भारत से आएं।

## टोक्यो रेलवे स्टेशन के पास आग लगने से एक घायल, ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**टोक्यो।** टोक्यो में रविवार को एक रेलवे स्टेशन के आसपास आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। इस घटना के चलते ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। इस दौरान एक ट्रेन में सवार ८०० लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार जेआर ओइमोरी स्टेशन के पास टोक्यो के ओटा वार्ड के यामाओ में एक रेस्तरां में आग लग गई, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की 24 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने जेआर ईस्ट के हवाले से बताया कि जेआर केहिन-तोहोकू लाइन पर शिनागावा स्टेशन और कामता स्टेशन के बीच दोनों दिशाओं में ट्रेन परिचालन बाधित रहा।

# चीन में "स्प्रिंग फेस्टिवल के बीच भारी बर्फबारी से यातायात बाधित



**बीजिंग।** चीन में जहां एक तरफ "स्प्रिंग फेस्टिवल" की तैयारी चल रही है। वहीं देश के हुबेई, हुनान और अनहुई प्रांतों में भारी बर्फबारी के कारण परिवहन बाधित हो गया। बर्फीली और ठंड की स्थिति के कारण रविवार सुबह 95 राजमार्ग टोल स्टेशनों ने वाहनों को प्रवेश देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद अनहुई प्रांत में कई यात्रियों को असुविधा हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट और हुबेई एयरपोर्ट्स ग्रुप कंपनी के अनुसार, मौसम की स्थिति के कारण शनिवार शाम को वुहान तियान्हे अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दोनों रनवे बंद करने पड़े। प्रांत के जिंगझू शहर का हवाईअड्डा भी शनिवार से बंद कर दिया गया है।चीन रेलवे वुहान ब्यूरो ग्रुप कंपनी लिमिटेड ने कहा कि वह व्यापक बर्फबारी और ठंड के मौसम के कारण 141 राउंड ट्रिप के संचालन को निलंबित करने की योजना बना रही है।

इस बीच रेलवे ट्रैक के सुचारु कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे प्राधिकरण ने लगभग 4,000 रेलरोड स्विचों पर बर्फ हटाने के लिए लगभग 3,000 कर्मचारियों की व्यवस्था की है। पड़ोसी हुनान प्रांत में रेलवे प्राधिकरण ने चोंगकिंग ज़ियामेन और झांगजियाजी जिशो हुआहुआ हाई स्पीड रेलवे पर गति प्रतिबंध लगा दिया, जिससे कुछ ट्रेनों में देरी हुई। रविवार से सोमवार तक चाइना रेलवे गुआंगजौ ग्रुप कंपनी लिमिटेड ने प्रांत से गुजरने वाली 20 हाई-स्पीड ट्रेन सेवाओं को निलंबित कर दिया।